LKS
RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928
www.loktantrakishaan.com


# दैनिक लोकतंत्र की शान
लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित  रविवार 18 जनवरी 2026

# वंदे भारत स्लीपर ट्रेन मां काली की धरती को मां कामाख्या की धरती से जोड़ेगी: मोदी

## देश की पहली वंदे भारत स्पीकर ट्रेन शुरु, पीएम मोदी ने हरी झड़ी दिखाकर किया रवाना



**एजेंसी। माल्दा**

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि आज पश्चिम बंगाल में रेलवे के विकास को नई गति और नये आयाम मिले हैं। एक तरफ जहां हावड़ा-गुवाहाटी मार्ग में शुरू हुई देश की यह पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन, मां काली की धरती को, मां कामाख्या की भूमि को जोड़ रही है। वहीं पश्चिम बंगाल को चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों से देश के उत्तरी, दक्षिणी एवं पश्चिमी हिस्सों से नयी कनेक्टिविटी मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के माल्दा टाउन रेलवे स्टेशन से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सहित विभिन्न रेलवे एवं सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण के बाद समारोह को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, शांतनु ठाकुर, सुकांता मजूमदार, पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, संसद सदस्य शॉमिक भट्टाचार्य, खगेन मुर्मू और कार्तिक चंद्रपॉल भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल के विकास को नई गति देने का अभियान आज और तेज हुआ है। भारतीय रेल के आधुनिकरण की तरफ एक और बड़ा कदम उठाया गया है। राज्य से जुड़े कई अन्य विकास कार्यों के शिलान्यास और लोकार्पण से यात्रियों की सुविधा के साथ-साथ व्यापार और रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, "बंगाल की इस पावन भूमि से ....आज से भारत में वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों की शुरूआत हो रही है। ये नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन देशवासियों के लंबे सफर को और आरामदायक बनाएगी, शानदार बनाएगी, यादगार बनाएगी। ..... यह वंदे भारत ट्रेन मेड इन इंडिया है, इसे बनाने में हम भारतीयों का पसीना लगा है। देश की यह पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन, मां काली की धरती को, मां कामाख्या की भूमि को जोड़ रही है। आने वाले समय में पूरे देश में इस आधुनिक ट्रेन का विस्तार होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वंदे भारत स्लीपर ट्रेन से बंगाल के युवाओं को नए अवसर मिलेंगे और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। यह ट्रेन आत्मनिर्भर भारत की ताकत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पूरे देश में इस आधुनिक स्लीपर ट्रेन का विस्तार किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने बंगाल, असम और पूरे देश को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इसी तरह से बंगाल को चार और आधुनिक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें मिलीं हैं। न्यू जलपाईगुड़ी, नागरकोई अमृत भारत एक्सप्रेस, न्यू जलपाईगुड़ी से तिरुचिरापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस, अलीपुर द्वार बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस, अलीपुर द्वार मुंबई अमृत भारत एक्सप्रेस, इससे बंगाल और खासतौर पर उत्तर बंगाल की दक्षिण और पश्चिम भारत से कनेक्टिविटी और सशक्त होगी। विशेष रूप से जो यात्री बंगाल और पूर्वी भारत की यात्रा के लिए देश के अलग-अलग हिस्सों से आते हैं। जो गंगा सागर, दक्षिणेश्वर और कालीघाट के दर्शन को आते हैं। जो लोग यहां से तमिलनाडु और महाराष्ट्र जाते हैं। यह अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें उनके सफर को और आसान बनाएगी। प्रधानमंत्री ने यात्रियों से बातचीत का उल्लेख करते हुए कहा कि कभी लोग विदेशों की ट्रेनों को तस्वीरों और वीडियो में देखकर सोचते थे कि काश ऐसी ट्रेन भारत में भी होती, लेकिन आज वही सपना हकीकत बन चुका है। अब विदेशी लोग भारत की मेट्रो और ट्रेनों के वीडियो बनाकर दुनिया को बता रहे हैं कि भारत में रेलवे क्षेत्र में किस तरह की क्रांति हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारतीय रेल कायाकल्प के दौर से गुजर रही है। भारतीय रेल अब आधुनिक होने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भी बन रही है। रेलवे का तेजी से विद्युतीकरण हो रहा है, स्टेशन आधुनिक बनाए जा रहे हैं और देश में एक से अधिक वंदे भारत ट्रेनें संचालित हो रही हैं। देश में ही रेल इंजन, कोच और मेट्रो कोच का निर्माण हो रहा है। भारत आज अमेरिका और यूरोप से अधिक रेल इंजन बना रहा है और कई देशों को पैसेंजर ट्रेन और मेट्रो कोच का निर्यात कर रहा है।

### पुणे में 19 जनवरी को पीएम-सेतु उद्योग परामर्श कार्यशाला का आयोजन, 50 से अधिक कंपनियां होंगी शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) पुणे में 19 जनवरी को प्रधानमंत्री कौशल एवं रोजगार रूपांतरण (पीएम-सेतु) योजना के तहत उद्योग परामर्श कार्यशाला का आयोजन करेगा। इस कार्यशाला को महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से पुणे की यशवंतराव चव्हाण अकादमी ऑफ डेवलपमेंट एडमिनिस्ट्रेशन (यशदा) में आयोजित किया जाएगा। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के अनुसार कार्यशाला का आयोजन पुणे स्थि यशवंतराव चव्हाण अकादमी ऑफ डेवलपमेंट एडमिनिस्ट्रेशन में होगा। इसमें निर्माण, वस्त्र, ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी, इलेक्ट्रॉनिक्स, तेल एवं गैस तथा नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों की 50 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी।

## बंगाल के लोगों का भला तृणमूल के जाने और भाजपा के आने पर निर्भर : मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि बंगाल के लोगों का भला तृणमूल के जाने और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आने पर निर्भर है। तृणमूल कांग्रेस के जाने से गुंडागर्दी और गरीबों को डराने-धमकाने की राजनीति समाप्त होगी। इसके लिए बंगाल की जनता को घुसपैठियों और सत्ताधारी दल के गठजोड़ को तोड़ना ही होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के मालदा में एक राजनैतिक रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर जनसांख्यिकी बदलाव का मुद्दा उठाया और इसे बंगाल के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में जनसांख्यिकी संतुलन बिगड़ रहा है। कई जगहों पर रोज़ाना की बोलचाल की भाषा बदलने लगी है। भाषा और बोली में फर्क साफ दिखने लगा है। घुसपैठियों की बढ़ती आबादी के कारण मालदा और मुर्शिदाबाद सहित पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों दंगे होने लगे हैं। प्रधानमंत्री ने विश्वास दिलाया कि भाजपा सरकार बनते ही घुसपैठ और घुसपैठियों पर कड़ा एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया के विकसित और समृद्ध देश भी अपनी जगह से घुसपैठियों को निकाल रहे हैं। पश्चिम बंगाल से भी घुसपैठियों को बाहर निकालना बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हमारा देश 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य पर काम कर रहा है। विकसित भारत के निर्माण के लिए पूर्वी भारत का विकास बहुत जरूरी है। दशकों तक पूर्वी भारत को नफरत की राजनीति करने वालों ने जकड़ कर रखा था। भाजपा ने इन राज्यों को नफरत की राजनीति करने वालों के चंगुल से मुक्त किया है। भाजपा नेता ने कहा कि देश की जनता लगतार भाजपा पर भरोसा जता रही है। जनता भाजपा के विकास के मॉडल को चाहती है। इसी कारण ओडिशा, त्रिपुरा, असम और कुछ दिन पहले बिहार में भाजपा-राजग की सरकार बनी। यानी बंगाल की हर दिशा में भाजपा की सुशासन वाली सरकार है। अब बंगाल में सुशासन की बारी है। उन्होंने कहा, "पूर्वी राज्यों का विश्वास, अगर किसी के साथ है, तो उस पार्टी का नाम है भाजपा।

## संक्षिप्त समाचार

### संसद में पेश होगा बीज विधेयक, घटिया बीज बेचने पर होगी 3 साल की जेल!



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि संसद में पेश किए जाने वाला नया बीज बिल विदेशी बीजों के भारत में आने का नहीं रास्ता खोलेगा बल्कि नियामक प्रणाली को मजबूत भी करेगा। इससे बीजों को हमारी कृषि, जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल होने या नहीं होने के पूर्ण मूल्यांकन के बाद ही मंजूरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नए बिल में घटिया बीज बेचने पर मौजूदा दंड 500 रुपए से बढ़ाकर 30 लाख रुपए कर दिया गया है। यदि घटिया बीज जानबूझकर बेचे या उत्पादन होता है तो इस विधेयक में तीन साल तक की सजा का भी प्रावधान है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कृषि मंत्री चौहान ने नए बीज विधेयक के बारे में बताया कि यह दशकों पुराने बीज अधिनियम 1966 व बीज (नियंत्रण) आदेश 1983 के स्थान पर आएगा। उन्होंने इस विधेयक को लेकर चिंताओं को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक किसानों की पैदावार, बोआई, बचत, एक्सचेंज और खेत के बीजों को बेचने के अधिकार की सुरक्षा करता है। इसके अलावा विधेयक गैरकानूनी बीजों के उत्पादन और बेचने पर कड़े दंड का प्रावधान करता है। उन्होंने कहा कि यह गलत धारणा फैलाई गई है कि यह पारंपरिक बीजों को प्रभावित करेगा। यह सही नहीं है। कृषि मंत्री ने साफ किया कि विधेयक के प्रावधान पांरपरिक किस्मों समेत किसानों व किसानों की फसलों की किस्मों पर लागू नहीं होते हैं।

### अमेरिका राजदूत सर्जियो मुंबई पहुंचे, आरबीआई गवर्नर और टाटा के चेमरमैन से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने अपना कामकाज शुरू कर दिया है। कामकाज शुरू करने के बाद गोर सबसे पहले मुंबई पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर संजय मल्होत्रा से मुलाकात की। इस मुलाकात की जानकारी देते हुए सर्जियो गोर ने एक्स पर लिखा- आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा से मिलकर बहुत अच्छा लगा। हमने सहयोग बढ़ाने के क्षेत्रों पर चर्चा की, जिसमें नई स्टेट ऑफ द आर्ट अमेरिकी तकनीक भी शामिल है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी राजदूत ने टाटा कंपनी के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन से भी मुलाकात की। मुलाकात की तस्वीरें शेयर कर गोर ने लिखा- टाटा कंपनी के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के साथ मेरी अच्छी मीटिंग हुई। यह एक ऐसा समूह है जिसकी 150 साल पुरानी शानदार विरासत है और जिसकी अमेरिका में अच्छी-खासी मौजूदगी है। गोर ने लिखा था- मुंबई में अपने पहले दौरे की शुरुआत हमारे वाणिज्य दूतावास से करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। हमारी समर्पित टीम अमेरिका-भारत साझेदारी को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। सोमवार को नई दिल्ली में अपनी जिम्मेदारी संभालने के बाद राजदूत गोर ने 14 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में हुए एक समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपने क्रेडेंशियल्स दिए।

## दक्षिण अफ्रीका में नौसैनिक अभ्यास नियमित या संस्थागत ब्रिक्स गतिविधि नहीं: भारत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दक्षिण अफ्रीका के तटों पर आयोजित नौसैनिक अभ्यास में शामिल न होने की खबरों के बीच भारत ने कहा है कि यह कोई नियमित या संस्थागत ब्रिक्स गतिविधि नहीं है। यह अभ्यास पूरी तरह से दक्षिण अफ्रीका की पहल थी, जिसमें हिस्सा नहीं लिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान में कहा कि भारत ने हाल ही में आयोजित 'ब्रिक्स नौसैनिक अभ्यास' में भाग नहीं लिया। यह अभ्यास पूरी तरह से दक्षिण अफ्रीका की पहल थी, जिसमें कुछ ब्रिक्स सदस्य देशों ने हिस्सा लिया। इसे नियमित या संस्थागत ब्रिक्स गतिविधि नहीं माना जा सकता और सभी सदस्य देशों ने इसमें भाग भी नहीं लिया। जायसवाल ने कहा कि भारत ने पहले भी ऐसे अभ्यासों में भाग नहीं लिया है। भारत जिस नियमित अभ्यास का हिस्सा है, वह भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका समुद्री अभ्यास (आईबीएसएएमएआर) समुद्री अभ्यास है, जिसमें भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका की नौसेनाएं शामिल होती हैं। इसका पिछला संस्करण अक्टूबर 2024 में आयोजित किया गया था। उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स देशों का एक सप्ताह लंबा संयुक्त नौसैनिक अभ्यास 13 जनवरी से दक्षिण अफ्रीका के सायमन टाउन नौसैनिक अड्डे के पास शुरू हुआ, जिसमें चीन, रूस और दक्षिण अफ्रीका सहित अन्य देशों ने भाग लिया। दक्षिण अफ्रीका ने इसे वैश्विक स्तर पर बढ़ते समुद्री तनावों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया बताया है। इस अभ्यास का नेतृत्व चीन कर रहा है।

## भारत केवल एक भौगोलिक क्षेत्र का नाम नहीं, बल्कि देश का चरित्र हैं: भागवत

**एजेंसी। नागपुर**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत में कुछ भी अच्छा या बुरा होगा, तो हिंदुओं से इसके बारे में पूछा जाएगा। क्योंकि भारत केवल एक भौगोलिक क्षेत्र का नाम नहीं, बल्कि देश का चरित्र है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज पारंपरिक रूप से समावेशी और सभी को स्वीकार करने वाला रहा है जो रीति-रिवाजों, पहनावे, खान-पान, भाषा, जाति और उपजाति में विविधता को अपनाता है। इन मतभेदों को संघर्ष का कारण नहीं बनने देता। भागवत ने यह बात गंगापुर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा

> भारत में कुछ भी अच्छा या बुरा होगा, तो हिंदुओं से पूछा जाएगा

कि युवाओं का योगदान देश की प्रगति और भविष्य निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। संघ न तो किसी का विरोध करता है और न ही किसी से प्रतिस्पर्धा में है। इसका उद्देश्य केवल एक मजबूत और सामंजस्यपूर्ण समाज का निर्माण करना है। उन्होंने युवाओं से इस सामूहिक प्रयास में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि हमें जाति, संप्रदाय, भाषा या व्यवसाय की परवाह किए



बिना हिंदू मित्र बनाने चाहिए। इससे समानता स्थापित होगी। संघ पहल करेगा, लेकिन समुदाय को इसका नेतृत्व करना होगा।' उन्होंने कहा, 'भगवान राम ने भी रावण से बातचीत के जरिए युद्ध टालने की कोशिश की थी, लेकिन बाद में हथियार उठाए। हमें भी अन्याय के खिलाफ कदम-दर-कदम लड़ना चाहिए।' आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित युवा सम्मेलन में भागवत ने युवाओं से अपील की कि वे ज्ञान और कौशल प्राप्त करने के लिए विदेश जाएं, लेकिन इसे भारत के विकास में उपयोग करें। आरएसएस प्रमुख भागवत ने कहा कि जो लोग एकीकरण और सद्भावपूर्ण सह-अस्तित्व में विश्वास रखते हैं, वे हिंदू समाज और देश के सच्चे चरित्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह परंपरा सदियों से आक्रमणों और विनाश के बावजूद संरक्षित रही। ऐसे लोग हिंदू कहलाते हैं और उनकी भूमि भारत कहलाती है। उन्होंने कहा कि अगर लोग अच्छे, दृढ़ और ईमानदार बनने का प्रयास करें तो देश भी वैश्विक मंच पर इन गुणों को प्रदर्शित करेगा।

### ईरान में फंसे भारतीय नागरिक सुरक्षित लौटे, भारत सरकार और दूतावास का जताया आभार

**नई दिल्ली।** ईरान में लगातार बिगड़ते हालात और हिंसक प्रदर्शनों के बीच वहां फंसे कई भारतीय नागरिक सुरक्षित स्वदेश लौट आए हैं। शुक्रवार देर रात ईरान से दिल्ली पहुंचे इन नागरिकों में बड़ी संख्या में छात्र शामिल हैं। भारत लौटते ही इन नागरिकों ने भारत सरकार और भारतीय दूतावास के प्रयासों की सराहना की। मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा, कि वर्तमान में ईरान में करीब 10 हजार भारतीय नागरिक मौजूद हैं, जिनमें छात्र, कारोबारी और विभिन्न पेशेवर शामिल हैं। इनमें से लगभग 2500 से 3000 छात्र मेडिकल की पढ़ाई के लिए ईरान गए हुए हैं। हालात बिगड़ने के बाद भारत सरकार ने उनकी सुरक्षा को लेकर सक्रियता दिखाई और जरूरत पड़ने पर एयरलिफ्ट की घोषणा भी की थी। ईरान से लौटे एक भारतीय नागरिक ने कहा कि वहां हालात बेहद खराब हो चुके थे। उन्होंने बताया, भारत सरकार बहुत सहयोग कर रही है और भारतीय दूतावास लगातार संपर्क में था। हमें जल्द से जल्द ईरान छोड़ने की सलाह दी गई। मोदी हैं तो हर चीज मुमकिन है। ऐसे ही एक मेडिकल छात्र ने मीडिया से कहा, कि भारतीय दूतावास ने उनसे संपर्क किया था, हालांकि वे निजी फ्लाइट के जरिए अपनी व्यवस्था से दिल्ली पहुंचें हैं।

## घने कोहरे के कारण दिल्ली में उड़ानों में देरी, 177 ट्रेनें चल रही है लेट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उत्तर भारत में जारी शीतलहर के कारण शनिवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के बड़े हिस्से में छाए घने कोहरे ने रेल और हवाई यातायात को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल (आईजीआई) एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी कम होने से कई फ्लाइट्स में देरी हुई। वहीं, कोहरे और कम विजिबिलिटी के कारण कुल 177 ट्रेनें लेट चल रही हैं। दिल्ली एयरपोर्ट ने सुबह फ्लाइट ऑपरेशंस में देरी को लेकर एक एडवाइजरी जारी की है। एयरपोर्ट ने यात्रियों से कहा है कि यात्रियों को सलाह दी जाती है कि एयरपोर्ट जाने से पहले अपनी-अपनी एयरलाइंस से



फ्लाइट के स्टेटस को चेक कर लें, क्योंकि कोहरे की वजह से ऑपरेशन पर बीच-बीच में असर पड़ सकता है। रेलवे की ट्रेन रनिंग लिस्ट से प्राप्त जानकारी के मुताबिक कई ट्रेनों के दो से 8 घंटे तक लेट चल रही है। दिल्ली-एनसीआर में विजिबिलिटी कम होने के कारण दिल्ली आने-जाने वाली सभी प्रमुख ट्रेनों पर असर पड़ा है। प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, गाजियाबाद, मेरठ, आगरा और झांसी डिवीजन की ट्रेनों में भारी देरी दर्ज की गई।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय

### मनरेगा के बाद खाद्य सुरक्षा कानून में सुधार?



भारत में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) को गरीबी उन्मूलन और आजीविका सुरक्षा की रीढ़ माना जाता है। इस कानून ने ग्रामीण भारत में न्यूनतम आय, पलायन पर नियंत्रण और संकट के समय गरीबों को सहारा देने में एक ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। लेकिन रोजगार देकर भूख और कुपोषण की समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं था। यही कारण है, मनरेगा के बाद राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 को एक बड़े सामाजिक अधिकार के रूप में भारत में संविधान अधिकार के रूप में इसे लागू किया गया। केंद्र सरकार बदलती आर्थिक-सामाजिक परिस्थितियों में इस कानून में सुधार करते हुए इसे नए स्वरूप में लाना चाहती है। खाद्य सुरक्षा कानून का उद्देश्य देश की दो-तिहाई आबादी को सस्ती दरों पर अनाज उपलब्ध कराना था। इसने भूख के खिलाफ कानूनी अधिकार की अवधारणा के संवैधानिक स्वरूप को मजबूत किया था। बीते एक दशक में जनसंख्या की बढ़ती संरचना, शहरीकरण, प्रवासी श्रमिकों की संख्या और महँगाई मे बड़ा बदलाव आया है। आम आदमियों के जीवन यापन के तरीके बदल गए हैं। लेकिन इस कानून में कोई सुधार नहीं हुआ है।

**सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक**
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## पाकिस्तान कर रहा कश्मीर में भारत के खिलाफ 'सूचना युद्ध' छेड़ने की तैयारी

**एजेंसी। इस्लामाबाद**



पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ की हरकतों से ऐसा लग रहा है कि वह भारत के खिलाफ साजिश करने के लिए किसी भी हद तक गिर सकते हैं। उन्होंने हाल ही में पीएमओ में कट्टरपंथी मौलवियों को बुलाया। इन्हें 'उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल' बता कर भारत के खिलाफ प्लानिंग की जा रही है। खुफिया सूत्रों का दावा है कि इस मुलाकात का एकमात्र मकसद कश्मीर में 'जिहाद' के नैरेटिव को दोबारा जिंदा करना और भारत के खिलाफ 'सूचना युद्ध' छेड़ना है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शहबाज शरीफ ने 'नेशनल पैगाम-ए-अमन कमेटी' के अध्यक्ष हाफिज ताहिर महमूद अशरफी को अपना विशेष को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किया है, ये वही शख्स है जिनका सीधा संबंध जैश और लश्कर जैसे आतंकी संगठनों से रहा है। इस गठबंधन के तहत अब पाकिस्तान की मस्जिदों और जुमे की नमाजों का इस्तेमाल भारत विरोधी संदेश और 'कश्मीर जिहाद' को बढ़ावा देने के लिए किया जाएगा। पाकिस्तान की सेना और नागरिक सरकार अब एक साथ मिलकर उग्रपंथियों का इस्तेमाल कर रही हैं, ताकि कश्मीर मुद्दे को एक 'धार्मिक युद्ध' का रूप दिया जा सके। दरअसल, भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान में दशकों से खड़ा किया गया आतंकी इंफ्रास्ट्रक्चर पूरी तरह तबाह हो चुका है। इसी आतंकी ढांचे को दोबारा खड़ा करने के लिए पाक सरकार अपनी पूरी ताकत लगा रही है। अपनी आंतरिक सुरक्षा विफलताओं को छिपाने के लिए शहबाज अब टीटीपी और अफगान तालिबान को भारत द्वारा फंडेड बता रहे हैं, ताकि जनता का गुस्सा बाहरी 'दुश्मन' की ओर मोड़ा जा सके। सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान अब डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और धार्मिक रैलियों के जरिए कश्मीर में आंतकवाद फैलाने के लिए एआई और बॉट नेटवर्क्स का इस्तेमाल करने की तैयारी में है। नई दिल्ली के खुफिया सूत्रों ने इसे पाकिस्तान की चाल बताया है। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पहले ही साफ कर दिया था कि किसी भी दुस्साहस का जवाब 'ऑपरेशन सिंदूर' की तरह ही दिया जाएगा।

### बांग्लादेश जिहादियों का जंगल बना, कट्टरपंथियों ने व्यवस्था को हाइजैक किया

**प्रयागराज।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ बीजेपी नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा को लेकर कहा है कि बांग्लादेश जिहादियों का जंगल बन चुका है। वहां के कट्टरपंथियों ने देश की व्यवस्था को हाइजैक कर लिया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हो रही हिंसा को लेकर भारत का शीर्ष नेतृत्व गंभीर है। भारत बिना किसी शोरगुल के हिंसा के खिलाफ कार्रवाई में जुटा है, आने वाले दिनों में जल्द ही इसका व्यापक असर दिखेगा। नकवी ने महागठबंधन पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गठबंधन की गठरी में अनेकों छेद और मतभेद हैं। हर चुनाव में नया गठबंधन तैयार हो जाता है, चुनाव समाप्त होने के बाद गठबंधन समाप्त भी हो जाता है। कांग्रेस जो कभी देश की बड़ी पार्टी हुआ करती थी आज वह मोहल्ले की पार्टी बनकर रह गई है। वहीं, कांग्रेस, सपा समेत अन्य राजनैतिक दल बिना जनाधार के सरकार बनाने की जुगत में लगे रहते हैं। कांग्रेस से कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली पार्टियों को समझना होगा कि कांग्रेस की जमीन जरूर बंजर है फिर भी उसके हाथ में बेवफाई का खंजर है।



खास ख़बर

## सत्य की ही हुई जीत, आआपा नेताओं को देश से मांफी मांगनी चाहिएः रेखा गुप्ता



**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आतिशी वीडियो मामले में आखिरकार सत्य की ही जीत हुई। उन्होंने कहा कि फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी की रिपोर्ट से यह बात स्पष्ट हो गयी है कि वीडियो से कोई छेड़छाड़ नहीं हुई। अब आम आदमी पार्टी (आआपा) नेताओं को देश से मांफी मांगनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने शनिवार को एक्स पोस्ट में कहा कि शीतकालीन सत्र के दौरान 6 जनवरी को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी द्वारा गुरुओं के बलिदान पर की गई अमर्यादित और शर्मनाक टिप्पणी का वीडियो सौ फीसद सही है। विधानसभा की कार्यवाही के इस वीडियो में किसी भी प्रकार की कोई छेड़छाड़ नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है कि अपनी गलती स्वीकार करने के बजाय आआपा ने सत्य को दबाने के लिए पंजाब सरकार, पंजाब पुलिस और पंजाब की फॉरेंसिक लैब का सहारा लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि आआपा के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के संरक्षण में पंजाब सरकार की एजेंसियों का दुरुपयोग कर इस पूरे मामले को दबाने का प्रयास निंदनीय है। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक साइंस की तकनीक और ठोस साक्ष्यों ने आज इनकी साजिश को बेनकाब कर दिया है। आआपा के नेताओं को गुरुओं का अपमान करने पर देश से माफी मांगनी चाहिए।

## फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 57वें संस्करण में गोंडल में शामिल होंगे खेल मंत्री मांडविया



**लोकतंत्र की शान : हैदराबाद/नई दिल्ली।** युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत रविवार, 18 जनवरी को देशभर के कई शहरों में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 57वें संस्करण का आयोजन किया जाएगा। यह पहल फिटनेस को जन आंदोलन के रूप में बढ़ावा देने और नागरिकों को सक्रिय एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराती है। मंत्रालय के मुताबिक इस संस्करण में केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया गुजरात के राजकोट के पास गोंडल में आयोजित साइक्लिंग कार्यक्रम में भाग लेंगे। उनकी सहभागिता सरकार द्वारा दैनिक जीवन में शारीरिक गतिविधि को शामिल करने और हर आयु वर्ग के लोगों को फिटनेस के प्रति जागरूक करने के प्रयासों को दर्शाती है। 57वें संस्करण का एक अन्य प्रमुख आकर्षण हैदराबाद में होने वाला आयोजन होगा, जिसे भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा तेलंगाना सरकार के सहयोग से प्रतिष्ठित गाचीबौली स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी कार्यक्रम में शामिल होकर इस राष्ट्रीय पहल को और गति प्रदान करेंगे। हैदराबाद के आयोजन में विशिष्ट अतिथियों और प्रतिभागियों में शिवा सेना रेड्डी (अध्यक्ष, खेल प्राधिकरण तेलंगाना), पुलेला गोपीचंद (मुख्य राष्ट्रीय कोच एवं पूर्व ऑल इंग्लैंड चैंपियन), दीप्ति जीवनजी (अर्जुन पुरस्कार विजेता और पेरिस 2024 पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता) सहित फिट इंडिया चैंपियंस, एंबेसडर्स और शीर्ष खिलाड़ी शामिल होंगे। इनकी मौजूदगी से खासकर युवाओं को फिटनेस और खेल को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की प्रेरणा मिलने की उम्मीद है। नई दिल्ली में भी 57वां संस्करण वसंत कुंज (डीएवी पब्लिक स्कूल, पॉकेट बी-1 के सामने) सुबह 7:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसमें एशियन चैंपियनशिप और आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय निशानेबाज रश्मिका सहगल और मुंबई सिटी एफसी के गोलकीपर विशाल जून जैसे खिलाड़ी भाग लेंगे। हैदराबाद संस्करण में नागरिकों, युवाओं, खिलाड़ियों और फिटनेस प्रेमियों की बड़ी भागीदारी की उम्मीद है। कार्यक्रम में 6 किलोमीटर की सामूहिक साइक्लिंग रैली, योग सत्र, वार्म-अप ड्रिल्स और सामुदायिक गतिविधियां शामिल होंगी, जो फिट इंडिया के संदेश "फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज" को साकार करती हैं। हैदराबाद में इस आयोजन की मेजबानी शहर की खेल, वेलनेस और सक्रिय जीवनशैली के केंद्र के रूप में बढ़ती पहचान को भी रेखांकित करती है। गाचीबौली न केवल एलीट प्रशिक्षण बल्कि सामुदायिक खेल गतिविधियों का भी प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। दिसंबर 2024 में शुरू की गई फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल एक राष्ट्रव्यापी, समुदाय-आधारित कार्यक्रम के रूप में तेजी से विकसित हुई है, जो साइक्लिंग को एक टिकाऊ, समावेशी और सुलभ शारीरिक गतिविधि के रूप में प्रोत्साहित करती है। देशभर में एक साथ आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में मंत्री, खिलाड़ी और आम नागरिक एक साझा मंच पर एकत्र होकर फिटनेस और पर्यावरणीय जागरूकता की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत 29 अगस्त 2019 को की गई थी, जिसका उद्देश्य फिटनेस को हर नागरिक के दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना और लोगों को अधिक सक्रिय जीवनशैली की ओर प्रेरित करना है।

## 'नीतीश कुमार का मरीन ड्राइव' पुस्तक का लोकार्पण



**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** विश्व पुस्तक मेले में शनिवार को वरिष्ठ पत्रकार अमलेश राजू की पुस्तक 'नीतीश कुमार का मरीन ड्राइव' का लोकार्पण किया गया। दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित विश्व पुस्तक मेला में डायमंड बुक्स द्वारा द्वारा प्रकाशित पुस्तक के लोकार्पण समारोह में बिहार विधानमंडल के सदस्य (एमएलसी) और भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख संजय मयूख, वरिष्ठ पत्रकार और गांधीवादी चिंतक अरविंद मोहन, प्रोफेसर प्रमोद कुमार समेत अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। भाजपा नेता संजय मयूख ने पुस्तक को बिहार की विकास यात्रा का प्रतिबिंब बताया और कहा कि यह पुस्तक लाखों रुपये के विज्ञापनों से कहीं अधिक प्रभावी है क्योंकि यह बिहार के बदलते स्वरूप की सच्ची तस्वीर पेश करती है। वरिष्ठ पत्रकार अरविंद मोहन ने कहा कि लंबे समय तक बिहार नकारात्मक कारणों से चर्चा में रहा, लेकिन अब यह राज्य अपनी समृद्धि, इतिहास और संस्कृति को पुनः प्राप्त कर रहा है। "मरीन ड्राइव" के बहाने लेखक ने बिहार के विकास पर एक नई बौद्धिक बहस छेड़ दी है। भारतीय जनसंचार संस्थान के प्रोफेसर डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि इस पुस्तक में लेखक के तीन दशकों के पत्रकारीय अनुभव की स्पष्ट झलक मिलती है। यह पुस्तक 'समाधानपरक पत्रकारिता' का एक बेहतरीन उदाहरण है। पुस्तक के लेखक अमलेश राजू ने बताया कि "मरीन ड्राइव" सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 20 वर्षों के कार्यों और दूरदृष्टि का एक प्रतीक है। उन्होंने इस पुस्तक के माध्यम से बिहार के बुनियादी ढांचे में आए बदलावों को रेखांकित करने का प्रयास किया है। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार मनोहर सिंह, आशीष मिश्र, प्रभात कुमार और डॉ. अनिल ठाकुर (डीयू) और डायमंड बुक्स के अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा सहित राजनीति, आध्यात्म, पत्रकारिता और साहित्य जगत की कई अन्य दिग्गज हस्तियां उपस्थित रहीं।

# शिक्षा व्यवस्था को तबाह करने पर तुली हुई है भाजपा सरकार- कांग्रेस

» मध्य प्रदेश में स्कूल गिराने और जम्मू-कश्मीर के श्री माता वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज बंद किए जाने पर भाजपा को घेरा

» डॉ. नासिर हुसैन बोले-अच्छी शिक्षा विकसित राष्ट्र की बुनियाद होती है, लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में जहर घोला जा रहा

लोकतंत्र की शान , संवाददाता जीशान अली



**नई दिल्लीः** कांग्रेस ने देश के विभिन्न हिस्सों में हाल ही में हुई घटनाओं का हवाला देते हुए भाजपा सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को सांप्रदायिक रंग देने और इसे जानबूझकर तबाह करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के प्रभारी महासचिव डॉ. सैयद नासिर हुसैन और राष्ट्रीय सचिव दिव्या मदेरणा ने कहा कि अच्छी शिक्षा विकसित राष्ट्र की बुनियाद होती है, लेकिन मौजूदा सरकार शिक्षा को तबाह करने पर तुली हुई है। नासिर हुसैन ने मध्य प्रदेश के बैतूल का मामला उठाते हुए बताया कि वहां अब्दुल नईम नामक व्यक्ति ने अपने निजी 20-22 लाख रुपए खर्च कर एक स्कूल का निर्माण कराया था। सभी आवश्यक अनुमति लेकर स्कूल शुरू किया गया, ताकि वहां के आदिवासी बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके। लेकिन मुसलमान व्यक्ति द्वारा स्कूल शुरू करने के कारण भाजपा के इकोसिस्टम ने अफवाह फैलाई कि वहां मदरसा चलाया जा रहा है। आखिर में जिला प्रशासन ने बिना किसी जांच, नोटिस या सुनवाई के स्कूल पर बुलडोजर चला दिया। उन्होंने पूछा कि क्या इस मामले में कलेक्टर बताएंगे कि उनके ऊपर किनका और कैसा दबाव था? उन्होंने सवाल किया कि अधिकारी अगर दबाव में आकर एक स्कूल को गिरा रहे हैं तो उनकी ट्रेनिंग मसूरी में हो रही है या नागपुर में? कांग्रेस नेता ने जम्मू-कश्मीर के श्री माता वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज का भी जिक्र किया, जहां नीट परीक्षा के आधार पर छात्रों का दाखिला हुआ था। उन्होंने बताया कि अंतिम प्रवेश सूची में 50 में से 42 छात्र मुस्लिम थे, क्योंकि उस क्षेत्र में मुस्लिम आबादी अधिक है और छात्रों ने अपने घर के पास कॉलेज चुनना बेहतर समझा। उन्होंने कहा कि इसके बाद नेशनल मेडिकल कमीशन ने कॉलेज की मान्यता रद्द कर दी। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सितंबर 2025 में एमबीबीएस कोर्स की अनुमति दी गई थी, तब क्या इंफ्रास्ट्रक्चर और नियमों की जांच नहीं हुई थी? क्या ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग, चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं की तरह नेशनल मेडिकल कमीशन का भी दुरुपयोग हो रहा है?

## ड्रग्स तस्करी के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

नव दर्पण

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अंतरराज्यीय ड्रग सिंडिकेट के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपित मादक पदार्थ के एक मामले में भगोड़ा था और लंबे समय से फरार चल रहा था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपित निखिल (28) तिमारपुर का रहने वाला है और वर्तमान में पालम कॉलोनी के साध नगर इलाके में रह रहा था। इसके खिलाफ थाना भलस्वा डेयरी में मादक पदार्थ का मामला दर्ज है। इस मामले में पहले 400 ग्राम हेरोइन बरामद की गई थी, जिसकी सप्लाई का स्रोत निखिल बताया गया था। रोहिणी कोर्ट की विशेष एनडीपीएस अदालत ने उसे एक मई 2025 को भगोड़ा करार दिया था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार 16 जनवरी को क्राइम ब्रांच को गुप्त सूचना मिली कि आरोपित साध नगर इलाके में आने वाला है। सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर सतीश मलिक की देखरेख में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी निगरानी के बाद आरोपित की लोकेशन ट्रेस कर साध नगर, पालम कॉलोनी में छापा मारा गया, जहां से उसे दबोच लिया गया।तलाशी के दौरान आरोपित के पास से एक मोबाइल फोन और 4 लाख 34 हजार 300 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस का कहना है कि आरोपित दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय एक संगठित गिरोह के लिए हेरोइन की सप्लाई करता था। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से नशे के अवैध कारोबार से जुड़ा हुआ है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, निखिल के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि उसके परिवार के अन्य सदस्य भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं।

# फरवरी 2026 में सिनेमाघरों में आएगी एक्शन ड्रामा फिल्म 'रमैया'

» जन्ममेजय की दमदार परफॉर्मेंस और संतोष परब का विज़न बनेगा फिल्म की ताक़त

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्लीः** फरवरी 2026 में दर्शकों को सिनेमाघरों में एक ज़बरदस्त एक्शन ड्रामा फिल्म 'रमैया' देखने को मिलेगी, जो इंटेंसिटी, कच्चे इमोशन और हाई-वोल्टेज ड्रामा का शक्तिशाली संगम पेश करेगी। फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे अभिनेता जन्ममेजय की दमदार परफॉर्मेंस पहले ही चर्चा का विषय बन चुकी है। फिल्ममेकर संतोष परब के निर्देशन में बनी 'रमैया' भारतीय सिनेमा में एक नई और मज़बूत सिनेमैटिक ताक़त के रूप में उभरती नज़र आ रही है। हाल ही में जारी फिल्म के पोस्टर ने इंटरनेट पर जबरदस्त हलचल मचा दी है, जिसमें जन्ममेजय का इंटेंस और जोशीला अवतार, हाथ में बंदूक और आँखों में कच्ची आग साफ़ झलकती है। इस पोस्टर को साल के सबसे प्रभावशाली कैरेक्टर इंट्रोडक्शंस में से एक माना जा रहा है। आनंदवन क्रिएशंस और सुल्भा कला कृति के बैनर तले निर्मित 'रमैया' जन्ममेजय के करियर का एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकती है। फिल्म में वे पहली बार एक ऐसे दमदार लीड रोल में नज़र आएंगे, जो पावर, हिम्मत और हीरोइक करिश्मे से भरपूर है। उनकी स्क्रीन प्रेज़ेंस फिल्म के पोस्टर और प्रेज़ेंटेशन पर पूरी तरह हावी दिखाई देती है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि 'रमैया' पूरी तरह से उन्हीं के कंधों पर टिकी हुई फिल्म है।

## मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री से की भेंट

» पीक सीज़न के दौरान सेब आयात पर प्रतिबंध लगाने का किया आग्रह

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली :** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार सायं नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से भेंट की और सेब उत्पादन के पीक सीज़न (जुलाई से नवंबर) के दौरान सेब आयात पर प्रतिबंध लगाने का पुरजोर आग्रह किया। उन्होंने सेब पर आयात शुल्क को बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का भी आग्रह किया ताकि विदेशी सेब के आयात से राज्य के बागवानों को हानि न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लगभग 2.5 लाख किसान सेब उत्पादन से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के कुल फल उत्पादन में सेब का योगदान लगभग 80 प्रतिशत है। सेब उत्पादन से सालाना लगभग 4500 करोड़ रुपये की आय होती है। उन्होंने प्रदेश के बागवानों के हितों की रक्षा के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले सप्ताह प्रदेश के बागवानों ने उनके समक्ष अपनी समस्याएं रखी थी जिन्हें उन्होंने केंद्र सरकार के समक्ष उठाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंनं इस मामले को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के समक्ष भी रखा और बागवानों के हित में शीघ्र उचित कार्यवाही का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को सेब पर आयात शुल्क कम किए जाने से बागवानों को हो रही हानि के बारे में भी अवगत करवाया। उन्होंने कहा की पिछले दस वर्षों में सेब आयात में लगभग ढाई गुणा वृद्धि हुई है और मुक्त व्यापार समझौतों के कारण इसमें और वृद्धि हो सकती है।

## दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर 2.16 किलो सोना जब्त, म्यांमार के तीन नागरिक गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर कस्टम्स विभाग ने सोना तस्करी के एक प्रयास को नाकाम करते हुए 2.16 किलोग्राम सोना जब्त किया है। जब्त किए गए सोने की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 2.90 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस मामले में म्यांमार के तीन पुरुष नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। कस्टम्स अधिकारियों के अनुसार, 14 जनवरी को प्रिवेंटिव शिफ्ट 'डी' के दौरान यांगून (म्यांमार) से दिल्ली पहुंची फ्लाइट संख्या 8एम-620 से आए तीन यात्रियों को टर्मिनल-3 के अंतरराष्ट्रीय आगमन हॉल में ग्रीन चैनल पार करते समय संदेह के आधार पर रोका गया। इसके बाद यात्रियों की व्यक्तिगत तलाशी और उनके सामान की गहन जांच की गई, तो उनके पास से 13 सोने की छड़ें बरामद की गईं, जिनका कुल वजन 2,158 ग्राम पाया गया। बरामद सोने का टैरिफ मूल्य 2,89,81,530 रुपये आंका गया है। कस्टम्स विभाग ने जब्त किए गए सोने को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 110 के तहत सीज कर लिया है। वहीं, तीनों आरोपितों को धारा 104 के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच जारी है। कस्टम्स विभाग ने स्पष्ट किया है कि हवाई अड्डों पर तस्करी रोकने के लिए निगरानी और सख्ती आगे भी जारी रहेगी।

# राहुल गांधी ने इंदौर में प्रदूषित पानी से जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों और बीमार लोगों से की मुलाकात

» दूषित पानी से प्रभावित इलाक़े का किया दौरा

» राहुल गांधी बोले- सरकार को इस घटना की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, पीड़ित परिवारों को सही मुआवजा और सहायता मिलनी चाहिए

लोकतंत्र की शान , संवाददाता जीशान अली



**नई दिल्ली/इंदौरः** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में प्रदूषित पानी से जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों और बीमार हुए लोगों से शनिवार को मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रभावित इलाके का दौरा कर हालात का जायजा लिया और स्थानीय लोगों से बातचीत की। राहुल गांधी ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने बिगड़े हालात और लापरवाही के लिए भाजपा सरकार पर जिम्मेदारी से भागने का आरोप लगाया। पत्रकारों से बातचीत में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि देश में आज भी लोगों को साफ पानी नहीं मिल पा रहा है, जो एक बेहद गंभीर समस्या है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को साफ पानी उपलब्ध कराना और प्रदूषण को नियंत्रित करना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन सरकार इसमें पूरी तरह विफल साबित हो रही है। भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से कई लोगों की मृत्यु हुई है और कई लोग बीमार हुए हैं। सरकार की लापरवाही से ही यह स्थिति बनी है, इसलिए सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। साथ ही पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा और सहायता मिलनी चाहिए। राहुल गांधी ने स्थानीय लोगों के हवाले से बताया कि आज भी इलाके में स्वच्छ पेयजल नहीं है और वैकल्पिक व्यवस्था सिर्फ प्रतीकात्मक है, जो कुछ समय तक ही चलेगी। उन्होंने कहा कि जैसे ही लोगों का ध्यान हटेगा, हालात फिर पहले जैसे हो जाएंगे। लोगों की मांग है कि स्थायी और व्यवस्थित समाधान किया जाए एवं उन्हें नियमित रूप से साफ पीने का पानी उपलब्ध कराया जाए, जो पूरी तरह जायज मांग है।

# आतिशी की टिप्पणी पर जांच रिपोर्ट वैध, सदन से निलंबन की मांग : वीरेन्द्र सचदेवा

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शनिवार को कहा कि विधान सभा के सदन में आतिशी की टिप्पणी पर जांच रिपोर्ट को वैध पाया है। उन्होंने सदन से आतिशी के निलंबन की मांग की है। भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने आज प्रदेश कार्यालय पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली विधानसभा की 6 जनवरी की कार्यवाही से जुड़ी मूल रिकॉर्डिंग की फॉरेंसिक जांच पर आधारित रिपोर्ट पूरी तरह वैधानिक है और इस पर किसी भी प्रकार के संदेह की गुंजाइश नहीं है। उन्होंने दावा किया कि रिपोर्ट से आम आदमी पार्टी (आआपा) की नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी मार्लेना द्वारा सिख गुरू साहिबान को लेकर की गई कथित अभद्र टिप्पणी का अपराध स्थापित होता है। सचदेवा ने "आआपा" नेता सौरभ भारद्वाज के उस बयान की कड़ी निंदा की, जिसमें हिंदू–सिख दंगे का प्रपंच रचे जाने की बात कही गई थी। उन्होंने इस टिप्पणी को "बेहद खतरनाक" बताते हुए आरोप लगाया कि राजनीतिक लाभ के लिए सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि विधान सभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता की प्रस्तुत जांच रिपोर्ट विधान सभा की मूल रिकॉर्डिंग की जांच पर आधारित है, इसलिए इसकी वैधानिकता पर सवाल उठाना निराधार है। उन्होंने यह भी कहा कि अमृतसर में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने भी आतिशी मार्लेना के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर कार्रवाई की घोषणा की है, जिसके चलते दिल्ली, पंजाब सहित देशभर के सिख समाज में रोष है। सचदेवा ने सवाल उठाया कि 7 जनवरी की सुबह से आतिशी सार्वजनिक रूप से सामने क्यों नहीं आईं और उन्होंने अब तक अपने कथित अपराध के लिए माफी क्यों नहीं मांगी। उन्होंने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी आरोप लगाया कि वे इस पूरे मामले में जवाबदेही से बच रहे हैं। उन्होंने मांग की कि विधान सभा अध्यक्ष आतिशी के खिलाफ संवैधानिक और कानूनी कार्रवाई करें और उन्हें सदन से निलंबित किया जाए। भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि आम आदमी पार्टी की राजनीति झूठ और भ्रम पर आधारित रही है और अपनी नेता के कथित अपराध को छिपाने के लिए भ्रामक बयान दिए जा रहे हैं।

## कांग्रेस ने वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज को फिर से चालू करने की मांग की

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित श्री माता वैष्णो देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस को फिर से चालू किए जाने की मांग की है।कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य एवं जम्मू-कश्मीर के प्रभारी सैयद नसीर हुसैन ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में पूछा कि सरकार बताए किए वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज में किसकी शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई करने से पहले कॉलेज को कोई समय क्यों नहीं दिया गया? उन्होंने कहा कि सरकार कोई कार्रवाई करने से पहले तहकीकात कर सकती थी। बिना किसी जांच और विधि अनुसार तरीका अपनाए बिना यह कार्रवाई क्यों की गई? सरकार ने सितंबर में जब छात्रों को दाखिला दिया था, उसी समय जांच क्यों नहीं की? सरकार अब शिक्षा के क्षेत्र में भी सांप्रदायिकता फैला रही है। उन्होंने कहा कि जो भी इस सांप्रदायीकरण का विरोध करता है, उसे देशद्रोही कहा जाता है। देश में जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय जैसे बड़े संस्थानों की फंडिंग सरकार ने कम कर दी। सरकार एक खास सोच को बढ़ावा दे रही है। हमारी मांग है कि इसे तुरंत चालू किया जाए। उल्लेखनीय है कि वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज में इस शैक्षणिक सत्र में कॉलेज के 50 में से 42 एक ही धर्म के छात्रों को दाखिला दिए जाने के बाद मामला गरमा गया था। इसके बाद राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने 6 जनवरी को गंभीर खामियों का हवाला देते हुए इस मेडिकल कॉलेज को दी गई एमबीबीएस कोर्स संचालित करने की अनुमति रद्द कर दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### हसनपुर में स्वास्थ्य विभाग ने अवैध क्लिनिक पर मारा छापा, किया सील




**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा : हसनपुरः** स्वास्थ्य विभाग के द्वारा क्षेत्र में अवैध क्लिनिक और झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ छेड़े गए अभियान के क्रम में शुक्रवार की देर श्याम हसनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने संभल मार्ग स्थित अल शिफा हेल्थ केयर सेंटर पर छापा मारा जांच में टीम को केंद्र संचालक और चिकित्सा की डिग्री से संबंधित गंभीर खामियां मिलीं इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल प्रभाव से अस्पताल को सील कर दिया इस कार्रवाई से इलाके के अन्य क्लिनिक संचालको में हड़कंप मच गया और सभी अपने-अपने क्लिनिको को बंद करके भाग गए, प्रभारी सिंह ने बताया कि केंद्र के खिलाफ लगातार शिकायत मिल रही थी कार्रवाई के दौरान अस्पताल संचालक को नोटिस दिया गया है 3 दिन के भीतर वैध दस्तावेज डिग्री आदि विभाग के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं यदि से समय सीमा के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है तो संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी, विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी फर्जी चिकित्सक को बक्सा नहीं जाएगा I

### यूपी में माइक्रो इरिगेशन को बढ़ावा, गोरखपुर और संतकबीर नगर में बन रहीं पायलट परियोजनाएं

**लोक तंत्र की शान : लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं व जल उपयोग दक्षता का विस्तार करने के उद्देश्य से माइक्रो इरिगेशन को बढ़ावा देने के लिए उल्लेखनीय प्रयास कर रहा है। इस दिशा में विभाग केंद्र सरकार की मॉडर्नाइजेशन ऑफ कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट (एमसीएडीडब्लूएम) परियोजना के तहत गोरखपुर और संत कबीर नगर जिलों में माइक्रो इरिगेशन की पायलट परियोजनाओं का निर्माण कर रहा है। ये पायलट परियोजनाएं गोरखपुर में कलपईचा/रामगढ़ ताल व राप्ती नदी क्षेत्र में, जबकि संतकबीर नगर में कुवानो नदी क्षेत्र में बनाई जा रही हैं, जो माइक्रो इरिगेशन की पीपीआईएन (प्रेशराइज्ड पाइप्ड इरिगेशन नेटवर्क) तकनीक के जरिए जल उपयोग की दक्षता में लगभग 75 प्रतिशत की वृद्धि लाएंगी। पायलट परियोजनाओं के सफल संचालन के आधार पर इसका विस्तार प्रदेश के अन्य जनपदों में भी किया जाएगा, जो किसानों के लिए लाभप्रद होने के साथ प्रदेश में कृषि क्षेत्र में सतत विकास सुनिश्चित करेगी।

**गोरखपुर और संतकबीर नगर में हो रहा निर्माण**-सिंचाई विभाग केंद्रीय परियोजना के तहत गोरखपुर और संत कबीर नगर में कुल छह पायलट परियोजनाओं का निर्माण कर रहा है। इनमें चार परियोजनाओं के फाइनल डीडीआर तैयार हो चुके हैं, जबकि शेष दो परियोजनाओं के कमांड एरिया को लेकर विचार चल रहा है, जिस पर जल्द ही स्वीकृति मिलने की पूरी संभावना है। परियोजनाओं का कुल सीसीए (कल्चरेबल कमांड एरिया) 2149 हेक्टेयर है, जिसमें गोरखपुर के बांसगांव, मलांव व मझगवां, राजधनी, बरगदवां, जंगल गौरी-1 तथा संतकबीर नगर जिले में प्रजापतिपुर क्लस्टर शामिल हैं। इनमें से गोरखपुर के बांसगांव और जंगलगौरी-1 क्लस्टरों के कमांड एरिया को स्वीकृति मिलते ही, फरवरी 2026 के अंत तक सभी क्लस्टरों में परियोजनाओं का संचालन शुरू हो जाएगा। इससे क्षेत्र के हजारों किसान प्रत्यक्ष तौर पर लाभान्वित होंगे। उन्हें रबी व खरीफ, दोनों फसलों के उत्पादन में लाभ मिलेगा।

### गढों में तब्दील सड़क पर गन्ना लदा ट्रक पलटा,, ड्राइवर हुआ घायल

**लोक तंत्र की शान : मिहींपुरवा बहराइचः** थाना सुजौली क्षेत्र के चफरिया चौराहे के पास शनिवार को एक गन्ना लदा ट्रक का संतुलन बिगड़ने से पलट गया। जिसमे ट्रक चालक घायल हो गया। थाना सुजौली क्षेत्र के गिरिजापुरी सुजौली मार्ग पर शनिवार को गन्ना लदा एक ट्रक गन्ना सेंटर से चीनी मिल खंभार खेड़ा जा था तभी अचानक ट्रक के पलटने से एक लंबा जाम लग गया। जिसमे ट्रक चालक को भी हल्की-फुलकी चोट आई है। जबकि बगल से गुजर रहा है बाइक सवार बाल बाल बच गया। मुख्य मार्ग पर बिखरे गन्ने को हटाने के लिए सुजौली पुलिस ने जेसीबी की मदद ली कड़ी मशक्कत के बाद मार्ग को खाली कराया गया। ग्रामीणों के मुताबिक वर्षों से सड़क की हालत काफी खराब स्थिति में है। जिसके चलते सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे मौजूद है। पिछले दो-चार महीने में अब तक करीब 4 से 5 ट्रक इस खस्ता हाल सड़क की वजह से मार्ग पर पलट चुके हैं। इन सबके बावजूद अभी भी पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है जिसके चलते आए दिन हादसे होते रहते हैं।

### संपूर्ण समाधान दिवस में तीन फरियादियों की शिकायतों का हुआ निस्तारण

**लोक तंत्र की शान : लहरपुर सीतापुरः** संपूर्ण समाधान दिवस शनिवार को तहसील सभागार में उप जिला अधिकारी आकांक्षा गौतम की अध्यक्षता में सम्पन्न। संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड के चलते मात्र 28 लोगों ने अपनी शिकायतों के समाधान के लिए प्रार्थना पत्र दिए जिसमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 25 शिकायतों को संबंधित विभागों को देकर पारदर्शिता पूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में प्रमुख रूप से पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार, उपवन क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार,नायब तहसीलदार अशोक यादव, नायब तहसीलदार दीनानाथ यादव, वन दरोगा अरविंद गिरी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामनरेश वर्मा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत जयप्रकाश वर्मा, सहायक विकास अधिकारी कृषि राजकुमार वर्मा, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण ओमेंद्र वर्मा, अवर अभियंता राजकीय नलकूप अभिनव सिंह, पशुधन प्रसाद अधिकारी डॉ भारतेंदु वर्मा, गन्ना विकास निरीक्षक परमेश्वर सिंह सहित तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे ।

### डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

**लोक तंत्र की शान : अलीगढ़।** तहसील गभाना में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी संजीव रंजन ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में विभिन्न ग्रामों व मोहल्लों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं से जुड़े प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। नगला जाट महाराजा नगर वार्ड-10, चंदौसी के ग्रामीणों ने बंजर भूमि को मरघट के रूप में दर्ज किए जाने संबंधी प्रार्थना पत्र दिया। वहीं ग्राम लाख बाजार गभाना के लोगों ने बस स्टैंड के सामने संचालित मीट की दुकान को बंद कराने की मांग रखी। जंगलगढ़ी निवासी योगेश कुमार चौहान एवं सोनू ने लेखपाल द्वारा जबरन पंजीकृत कराई गई प्राथमिकी को निरस्त करने के लिए आवेदन दिया। ग्राम बसई के लालाराम ने अपने प्रार्थना पत्र में 41 बकरियों की मृत्यु का उल्लेख करते हुए आर्थिक सहायता की मांग की। चंडौस की रामलीला आयोजन समिति ने रामलीला मैदान ग्राउंड पर प्रवेश द्वार (दरवाजा) लगाए जाने का अनुरोध किया। रामपुर शाहपुर के सत्तार खां ने अपनी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को रुकवाने की मांग की, जबकि मढ़ौला के सत्येंद्र पाल सिंह ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत करते हुए संयुक्त टीम गठित कर जांच कराने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने सभी प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देश दिए कि उभय पक्षों को सुनकर निर्धारित समयसीमा के भीतर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# घने कोहरे के चलते डग्गामार बस ने मैक्स में मारी टक्कर, 3 लोग घायल

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर :** शनिवार दिन निकलते ही क्षेत्र के अलीगढ़ हसनपुर मार्ग के गांव शाहपुर कला के निकट एक डग्गामार बस ने मैक्स गाड़ी में जोर दार टक्कर मार दी जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, बताते चले कि घना कोहरा होने के कारण विजुअलिटी बेहद कम थी जिस कारण रहरा से हसनपुर की और आ रही एक डग्गामार बस ने शाहपुर कला गांव के पास एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रही मैक्स गाड़ी में जोरदार सीधी टक्कर मार दी जिसमें मैक्स चालक सोनू पुत्र अब्दुल वहीद निवासी माधोपुर मेरठ, जावेद पुत्र हाजी रसीद, रिजवान पुत्र मैहरलाही तीनों मेरठ निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को तुरंत एंबुलेंस से मेरठ रेफर कर दिया जहां उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है वही सूत्र अनुसार तीनों की हालत चिंताजनक बनी हुई है, घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया वहीं बस में सवार 10 12 लोगों के हल्के-हल्की चोट आई है उधर मैक्स गाड़ी में आग लग गई जिसे ग्रामीणों ने पानी एवं रहते आदि की मदद से बुझाया, वही हादसे के कारण लगे जाम में फंसे एक गन्ना लदे ट्रक में पीछे से एक पिकअप घुस गई जिसमें पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई चालक ने बताया कि कोहरे के कारण दिखाई नहीं पड़ा इसलिए हादसा हो गया, इस संबंध में कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस और मैक्स दोनों बहनों को कब्जे में ले लिया है पुलिस तहरीर मिलने के बाद बस चालक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करेगी I

## गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत गांव गांव घूमकर की नए वोट बनवाने की अपील



लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुरः** शनिवार को विधान सभा हसनपुर क्षेत्र के गांव बेगपुर मुंडा, ढक्का, कुआडाली , चकूनी , मिर्जापुर डूंगर, ढवारसी,आदमपुर, आदि ग्रामों में 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की उम्र पार कर चुके युवाओं से वोट बनवाने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित राष्ट्र सेवी संगठन एवं विधान सभा संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि भारत की जनसंख्या में अधिकांश जनसंख्या युवाओ की है। जिसके कारण युवाओं को भारत का भविष्य कहा जाता है। ऐसे में वोट बनवाने के लिए निर्धारित उम्र सीमा पार कर चुके युवाओं को मतदाता बनकर भारत के सर्वांगीण विकास एवं देश हित को आगे बढ़ाने के लिए मतदान में भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर पशु कल्याण समिति सदस्य डा रुमाल सिंह ,वेदप्रकाश गिरी, भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा, डा कुंवर पाल सिंह, गौरव गोयल, मेघ सिंह, आदि मौजूद रहे।

## मंदिरों को तोड़ने का सफेद झूठ फैला रही है कांग्रेसः मुख्यमंत्री योगी

लोक तंत्र की शान



**काशी।** "जब काशी विश्वनाथ धाम का निर्माण हो रहा था, तब भी कुछ लोगों ने साजिशें रची थीं। यहां तक कि जिन वर्कशॉप में मूर्तियां बनती हैं, वहां से टूटी हुई मूर्तियों के अवशेष लाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए और सफेद झूठ फैलाया गया कि मंदिर तोड़े जा रहे हैं।" कांग्रेस पर यह सीधा हमला बोला उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने। मुख्यमंत्री शनिवार को वाराणसी में बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन करने के बाद पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। दरअसल पिछले एक-दो दिनों से सोशल मीडिया पर काशी के मंदिर व मणिकर्णिका घाट को तोड़ने के कुछ वीडियो वायरल हो रहे हैं। इन्हीं आरोपों का जवाब देने के लिए सीएम खुद मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने इन वीडियो की सत्यता को सिरे से खारिज करते हुए कहा, यहां पर पिछले 11 वर्षों में हुए समग्र विकास की परियोजना को बाधित करने के लिए जो साजिशें रची जा रही हैं और जिस प्रकार का दुष्प्रचार किया जा रहा है, इसके बारे में सही तथ्य जनता के सामने आ सकें, इसीलिए मुझे आज यहां पर आना पड़ा। उन्होंने कहा कि काशी के प्रति हर सनातन धर्मावलम्बी व हर भारतवासी अपार श्रद्धा का भाव रखता है, लेकिन स्वतंत्र भारत में काशी को जो सम्मान मिलना चाहिए था, काशी का जो विकास होना चाहिए था, वो नहीं हुआ। पिछले 11 वर्षों में काशी एक बार फिर अपनी आध्यात्मिक व सांकृतिक विरासत का संरक्षण करते हुए उनका संवर्धन कर रही है और भौतिक विकास के माध्यम से नई ऊंचाइयों को भी प्राप्त कर रही है।

**पीएम कहते हैं 'मेरी काशी-** सीएम योगी ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि देश की संसद में काशी का प्रतिनिधित्व स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करते हैं और वह अक्सर अपने भाषणों में कहते हैं, 'मेरी काशी'। प्रारम्भ से ही उन्होंने कहा है कि काशी की पुरानी काया को संरक्षित करते हुए उसे नए कलेवर के रूप में देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाना चाहिए और उसी के अनुरूप काशी की परियोजनाएं तैयार हुईं।

## यूपी के प्रशंसक बने मुख्य न्यायाधीश

लोक तंत्र की शान




**चंदौली :** देश के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में शनिवार को चंदौली में छह एकीकृत न्यायालय परिसरों का शिलान्यास व भूमि पूजन किया। उन्होंने इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार व उच्च न्यायालय को बधाई दी और प्रदेश सरकार के प्रयास को सराहा। उन्होंने कहा कि यूपी के मुख्यमंत्री ने 10 कोर्ट कॉम्प्लेक्स की घोषणा की है। इनमें से छह की स्थापना (शिलान्यास व भूमि पूजन) का कार्य आज शुरू हुआ है। इसके बनने से यूपी सारे भारत में उदाहरण प्रस्तुत करेगा। ये कॉम्प्लेक्स देश के लिए बेंचमार्क बनेंगे। मैं जिस भी प्रदेश में जाऊंगा, वहां यूपी सरकार का उदाहरण दूंगा। राज्य सरकारों व हाईकोर्ट से आह्वान करूंगा कि वहां भी ऐसी सुविधाएं मिलें।

**न्याय का मंदिर साबित होगा कोर्ट कॉम्प्लेक्स-** मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह क्षेत्र अनेक ऐतिहासिक धार्मिक मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। मुख्यमंत्री जी ने उसी इतिहास में नई कड़ी जोड़ी है, जब यहां न्यायिक मंदिरों की स्थापना की जा रही है। इंटीग्रेटेड ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्प्लेक्स अगले 50 वर्ष तक न्याय परिसर की आवश्यकताओं को सशक्त रूप से पूरा करने में सफल रहेंगे। हर प्रकार की सुविधाओं से युक्त इस कॉम्प्लेक्स में अधिवक्ताओं व आम आदमी के लिए प्रदान की गईं सुविधाएं सराहनीय हैं। कोर्ट कॉम्प्लेक्स न्याय का मंदिर साबित होगा। यहां बैठकर न्यायिक अधिकारी मानवीय मूल्यों का ध्यान रखते हुए फरियादियों को न्याय देंगे। इसमें बार के सदस्यों की भी सक्रिय भूमिका होगी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि संविधान में डिस्ट्रिक्ट ज्यूडिशयरी को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। इसमें एक अनुच्छेद है कि हर राज्य के पास अपना हाईकोर्ट होगा और उस हाईकोर्ट के पास मौलिक, मानवीय व अन्य अधिकारों को लागू करने की क्षमता होगी। संविधान निर्माताओं की सोच यही रही कि डिस्ट्रिक्ट ज्यूडिशयरी स्थापित होगी तो लोगों को अपने क्षेत्र में कोर्ट की सुविधाएं मिलेंगी।


**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का अनुरोध -** मुख्य न्यायाधीश ने हाईकोर्ट से कहा कि जनपद न्यायालयों में प्रैक्टिस करने वाली महिलाओं के लिए अलग से बार रूम बनें। उन्होंने यहां की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया कि कॉम्प्लेक्स में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी बन जाए। इससे बुजुर्गों, वादकारियों आदि को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से भी निजात मिल जाएगी।

# कड़कती ठंड में प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

» डीएम संभल डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के नेतृत्व में शहरी बेघरों को राहत
» ईओ मणि भूषण तिवारी व चेयरमैन आशिया मुशीर अली ख़ान की सक्रिय भूमिका

लोक तंत्र की शान





**संभल :** नगर पालिका परिषद क्षेत्र में भीषण ठंड के बीच शहरी बेघरों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट दिखाई दिया। जिलाधिकारी संभल डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के नेतृत्व में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत तिकोनिया पार्क स्थित 51 शहरी बेघरों हेतु बने आश्रय गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में नगर पालिका परिषद संभल के अधिशासी अधिकारी मणि भूषण तिवारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान आश्रय गृह में कंबल, रजाई, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, शौचालय, सुरक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया गया और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीएम संभल डॉ. राजेन्द्र पैंसिया का बयानः

"शीतलहर के दौरान शहरी बेघरों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कोई भी व्यक्ति खुले में रहने को मजबूर न हो, यह सुनिश्चित करना हमारा दायित्व है। आश्रय गृहों की व्यवस्थाओं में लापरवाही मिलने पर सख़्त कार्रवाई तय है। जनहित के मामलों में किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।" जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप जिले में सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं, जिससे योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से ज़रूरतमंदों तक पहुंच सके।

**अधिशासी अधिकारी मणि भूषण तिवारी का बयानः** "नगर पालिका की जिम्मेदारी है कि शासन और जिला प्रशासन के निर्देशों को पूरी ईमानदारी से धरातल पर लागू किया जाए। शहरी बेघरों के लिए आश्रय गृहों में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। हमारी टीमें लगातार फील्ड में रहकर निगरानी कर रही हैं और किसी भी कमी को तत्काल दूर किया जा रहा है।" अधिशासी अधिकारी मणि भूषण तिवारी की सक्रिय कार्यशैली और निरंतर निगरानी के चलते नगर पालिका की व्यवस्थाएं प्रभावी रूप से संचालित हो रही हैं। इस दौरान नगर पालिका परिषद संभल की चेयरमैन आशिया मुशीर अली ख़ान की भूमिका की भी सराहना की गई, जो एक जनप्रतिनिधि के रूप में प्रशासन और जनता के बीच सेतु बनकर कार्य कर रही हैं।

**चेयरमैन संभल आशिया मुशीर अली ख़ान बयानः** "नगर पालिका का उद्देश्य है कि शहर का कोई भी जरूरतमंद नागरिक ठंड में बेसहारा न रहे। जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन और अधिशासी अधिकारी के सहयोग से शहरी बेघरों के लिए मजबूत व्यवस्थाएं की गई हैं। नगर पालिका जनसेवा के संकल्प के साथ हर वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।" प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से संभल में शहरी बेघरों के लिए किए जा रहे प्रयासों को एक संवेदनशील और प्रभावी पहल के रूप में देखा जा रहा है, जो कड़कती ठंड में राहत का बड़ा सहारा साबित हो रही है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में आई 17 शिकायतें मात्र 2 शिकायतों का ही हो सका निस्तारण

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुरः** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन नवीन तहसील भवन करनपुर माफी में आयोजित किया गया जिसमें अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदोरिया द्वारा फरियादियों की फरियाद सुनी गई, संपूर्ण समाधान दिवस में 17 शिकायत दर्ज की गई जिसमें से मात्र दो का ही निस्तारण हो पाया बाकी अन्य शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित लेखपालों को आदेशित किया गया, संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की आठ, पुलिस विभाग की तीन, चकबंदी विभाग की तीन, विद्युत विभाग की चार, आपूर्ति विभाग की एक शिकायत सहित 17 शिकायतें प्राप्त हुई, इस बीच अपर जिलाधिकारी ने संबंधित हल्का लेखपालों को शिकायतों को गंभीरता पूर्वक निस्तारण करने की आदेश दिए उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता के संतुष्ट होने पर ही शिकायत का निस्तारण माना जाएगा, इस मौके पर एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, वीडीओ विजय कुमार सक्सेना, पुलिस क्षेत्राधिकार पंकज कुमार त्यागी, वन क्षेत्राधिकार नरेश कुमार, एसडीओ मिथिलेश यादव, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह आदि सहित विभिन्न अधिकारी एवं हल्का लेखपाल मौजूद रहे I

## अखिल भारतीय पंचायत परिषद पूरे देश में सराहनीय कार्य कर रहा है

लोक तंत्र की शान



**अलीगढ़।** चंद्रभान गिरी एडवोकेट संतोष गिरी एडवोकेट पूर्व प्रधान गांव कुंडरिया जिला बनारस, राहुल गिरी क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम नरौली जिला चंदौली तेजवीर सिंह ग्राम प्रधान सियारोल चौधरी हरवीर सिंह संदीप चौधरी सियारोल अलीगढ़ जनवरी 2026 को अखिल भारतीय पंचायत परिषद में शामिल हो गए। इस अवसर पर सभी ने कहा पंचायत परिषद का संगठन पूरे देश में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार सुबोध कांत सहाय एवं कार्यवाहक अध्यक्ष डॉक्टर अशोक चौहान के सामूहिक नेतृत्व में पूरे देश में पंचायत प्रतिनिधियों के हित में सराहनीय कार्य कर रहा है संगठन को मजबूत करने के लिए अपने-अपने जनपदों में पूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी गवेंद्र सिंह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह, पूर्व विधायक प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व दी अलीगढ़ बार के अध्यक्ष दुर्गेश चंद्र गौतम एडवोकेट जिला महासचिव कुवर कुशवीर सिंह एडवोकेट विपिन राना एडवोकेट, ठाकुर नरेंद्र सिंह एडवोकेट आदि ने प्रसन्नता व्यक्त कर हार्दिक बधाई दी।

## CHC पहला में D M का औचक निरीक्षण अनुपस्थित CHC अधीक्षक रेडियोलॉजिस्ट का वेतन रोका प्रसव में लापरवाही पर भी कार्यवाही

लोक तंत्र की शान



**सीतापुरः** में जिलाधिकारी डॉ.राजा गणपति आर.ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहला का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान लापरवाही सामने आने पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए कई अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य स्टाफ के वेतन कटौती और प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश देकर डीएम ने स्पष्ट संदेश दिया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल सचान अनुपस्थित पाए गए,जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने पर्चा काउंटर का निरीक्षण किया और मरीजों को दी जा रही दवाओं की जानकारी ली। स्टाफ की उपस्थिति का विवरण भी लिया गया। निरीक्षण के दौरान एक्स-रे कक्ष बंद मिलने पर चिकित्सा कंचन भारती का भी एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने प्रयोगशाला कक्ष और टीबी यूनिट का निरीक्षण करते हुए संबंधित रजिस्टरों का अवलोकन किया। टीबी मरीजों का अघतन डेटा प्रस्तुत न किए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। इसके बाद डीएम लेबर रूम पहुंचे और लेबर रूम रजिस्टर की जांच की। उन्होंने आशा कार्यकर्ता से गांव में लगाए जाने वाले टीकाकरण के संबंध में दूरभाषा पर जानकारी भी प्राप्त की। टीकाकरण और प्रसव से संबंधित रजिस्टर का अवलोकन करते हुए जिलाधिकारी ने पाया कुल 600 प्रसव में से केवल 150 महिलाओं के प्रसव सीएचसी पर हुए हैं। इस पर बीसीपीएम मयंक का 15 दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। डीएम ने रेफर रजिस्टर की भी जांच की और रेफर किए गए मरीजों से वार्ता की। तीन दिन पूर्व रेफर किए गए मरीज का फीडबैक न लिए जाने पर नर्स कल्पना देवी के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के आदेश दिए गए। जिलाधिकारी ने मरीजों के भोजन और पेयजल की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की यदि टंकी का पानी पीने के लिए उपयोग हो रहा है तो आरओ सिस्टम अवश्य लगाया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### वैभव सूर्यवंशी ने तोड़ा विराट कोहली का रिकॉर्ड, यूथ वनडे में 1 हजार रन किए पूरे

**लोकतंत्र की शान : पटना**। कोहली का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद वैभव सूर्यवंशी ने आज के मैच में 72 रन बनाए। इसमें 3 छक्के और 6 चौके शामिल है। 8वें ओवर में वैभव ने यूथ वनडे में एक हजार रन पूरे कर लिए हैं। इसी के साथ वैभव अंडर-19 वर्ल्ड कप में 50 प्लस स्कोर करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। 13वें ओवर में वैभव सूर्यवंशी ने हाफ सेंचुरी पूरी की। उन्होंने अफगानिस्तान के शाहिदुल्लाह कमाल को पीछे छोड़ दिया है। वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 वर्ल्ड कप के दूसरा मैच के दौरान विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यूथ वनडे में इंडिया के टॉप स्कोरर की



लिस्ट में वैभव ने कोहली को पीछे छोड़ दिया है। कोहली का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद वैभव सूर्यवंशी ने आज के मैच में 72 रन बनाए। इसमें 3 छक्के और 6 चौके शामिल है। 8वें ओवर में वैभव ने यूथ वनडे में एक हजार रन पूरे कर लिए हैं। इसी के साथ वैभव अंडर-19 वर्ल्ड कप में 50 प्लस स्कोर करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। 13वें ओवर में वैभव सूर्यवंशी ने हाफ सेंचुरी पूरी की। उन्होंने अफगानिस्तान के शाहिदुल्लाह कमाल को पीछे छोड़ दिया है। आज के मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया है। आज अंडर-19 वर्ल्ड कप का दूसरा मैच है। भारत का मुकाबला बांग्लादेश से चल रहा है। यह मैच जिम्बाब्वे के बुलावेयो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेला जा रहा है। वे इस मैच से पहले कोहली से 3 रन पीछे थे। जैसे ही वैभव ने 4 रन बनाया, वे यूथ वनडे में इंडिया के टॉप स्कोरर की लिस्ट में कोहली से आगे निकल गए। अमेरिका के साथ खेले गए पहले मैच में वैभव सिर्फ 2 रन बनाकर ही आउट हो गए थे, मगर आज उनसे बड़ी पारी की उम्मीद है। यूथ वनडे में भारत के टॉप स्कोरर की लिस्ट में वैभव सूर्यवंशी फिलहाल 8वें नंबर पर हैं। उनके नाम इस मैच से पहले 19 मैचों में 975 रन हैं। वे विराट कोहली से 3 रन पीछे हैं। विराट ने 28 मैचों में 978 रन बनाए हैं।

### सरस्वती पूजा पर पटना में बनेंगे 7 आर्टिफिशियल तालाब, तय स्थानों पर ही होगा मूर्ति विसर्जन



**लोकतंत्र की शान : पटना**। सरस्वती पूजा के अवसर पर पटना में आर्टिफिशियल तालाब बनाए जाएंगे, जिसमें मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। इसे लेकर पटना नगर निगम तैयारी में लगा हुआ है। पटना में विभिन्न घाटों पर कुल 7 आर्टिफिशियल तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। नगर निगम पटना इन तालाबों को विशेष रूप से पूजा के दौरान मूर्ति और पूजन सामग्री के विसर्जन को लेकर बनाए जा रहे हैं। निर्धारित स्थलों के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान पर विसर्जन किए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के कार्रवाई के साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा। बांकीपुर अंचल में लॉ कॉलेज घाट, पाटलिपुत्र अंचल में पाटीपुल घाट और मीनार घाट, अजीमाबाद अंचल में घाट और मित्तन घाट, पटना सिटी अंचल में कंगन घाट और दमराही घाट में आर्टिफिशियल तालाब बनाए जा रहे हैं। इस दौरान कपड़े से बैरिकेडिंग की जाएगी और लाइट भी लगाया जाएगा। पटना शहर को स्वच्छ रखने और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पटना नगर निगम ने यह तैयारियां की है। गंगा नदी सहित अन्य जलस्रोतों को प्रदूषण से बचाने के लिए पटना नगर निगम विशेष सफाई अभियान चलाएगा। सरस्वती पूजा के अवसर पर अभियान को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए पटना नगर निगम की विशेष जागरूकता टीमें भी घाटों पर तैनात रहेंगी। ये टीमें श्रद्धालुओं एवं पूजा समितियों को प्लास्टिक रैपर, पॉलीथिन तथा अन्य नॉन-बायोडिग्रेडेबल सामग्री के उपयोग से बचने के लिए प्रेरित करेंगी।

### बाइक सवार युवक को हाइवा ने कुचला, मौत, पटना से लौटते समय अथमलगोला में हादसा

**लोकतंत्र की शान : पटना**। पटना के बाढ़ अनुमंडल के अथमलगोला थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। यह घटना गंजपर स्थित डगरपर के नजदीक एसएच 106 पर हुई, जब एक ट्रक ने उनकी बाइक को कुचल दिया। बाइक पर सवार उसका दोस्त मुन्ना कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की पहचान 25 वर्षीय सूरज कुमार के तौर पर हुई है, जो अथमलगोला थाना क्षेत्र के लालू चौक कमरापर गांव का निवासी था। वह अपने साथी मुन्ना कुमार के साथ पटना से ड्यूटी कर घर लौट रहा था। इसी दौरान गंजपर गांव स्थित डगरपर के पास अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद हाईवा चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल मुन्ना कुमार को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया है। परिजनों ने बताया कि सूरज पटना में एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। वह आमतौर पर प्रतिदिन ट्रेन से पटना आता-जाता था, लेकिन घटना वाले दिन वह बाइक से पटना गया था। हादसे में युवक का सिर बुरी तरह कुचला गया।

### साइबर पुलिस ने ऑनलाइन ठगी में पैसे वापस दिलाए, खाते से कटे 86 हजार, 58 हजार की वापसी हुई

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर**। वैशाली में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। हाजीपुर साइबर थाना ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक पीड़ित को ऑनलाइन धोखाधड़ी में गंवाए गए 58,568 रुपये वापस दिलाए हैं। यह राशि नगर थाना क्षेत्र के हथसारगंज निवासी जितेंद्र प्रसाद सिंह के पिता रामजी प्रसाद सिंह के बैंक खाते से ठगी गई थी। यह घटना कुछ समय पहले हुई थी, जब अज्ञात साइबर ठगों ने रामजी प्रसाद सिंह के बैंक खाते से लगभग 86,000 रुपए निकाल लिए थे। खाते से अचानक पैसे निकलने की जानकारी मिलने पर परिवार में हड़कंप मच गया था। धोखाधड़ी का पता चलते ही पीड़ित परिवार ने बिना देर किए राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930




पर संपर्क किया और पूरी जानकारी दी। इसके बाद साइबर थाना हाजीपुर में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। समय पर सूचना मिलने के कारण साइबर पुलिस को ठगों द्वारा इस्तेमाल किए गए खातों तक पहुंचने में मदद मिली। पुलिस ने तकनीकी जांच के आधार पर धोखाधड़ी में प्रयुक्त बैंक खातों का पता लगाया और संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित कर ठगी गई राशि को तुरंत होल्ड करा दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यदि शिकायत में देरी होती, तो पूरी रकम निकाल ली जाती और वापसी की संभावना बहुत कम हो जाती। गहन जांच और बैंकिंग प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद, कुल ठगी गई राशि में से 58,568 रुपए सुरक्षित कर लिए गए। आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं के बाद यह रकम पीड़ित जितेंद्र प्रसाद सिंह को वापस सौंप दी गई है। हालांकि, शेष राशि की बरामदगी के लिए भी जांच जारी है और पुलिस संबंधित खातों व लिंक्स की पड़ताल कर रही है।

# पटना में रिटायर्ड महिला टीचर की हत्या कर लूटपाट

## घर में घुसकर गला काटा, चेन-कान के कुंडल तोड़ ले गए, सूचना देने वाली महिला हिरासत में

लोकतंत्र की शान, पटना

पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के AG कॉलोनी पार्क के पास रिटायर्ड महिला टीचर की हत्या कर दी गई। घर में घुसकर अपराधियों ने चाकू से गला काटा है। शरीर पर कई जगह चाकू से हमले के निशान मिले हैं। मृतका की पहचान रिटायर्ड शिक्षिका माधवी कुमारी (78) के रूप में हुई है। वो घर में अकेले रहती थीं। महिला के शरीर से गहने गायब हैं, लेकिन घर का सारा सामान ठीक-ठाक मिला है। शास्त्रीनगर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। हत्या की जांच जारी है। महिला की एक बेटी और 2 बेटे हैं। बड़ा बेटा उज्ज्वल देहरादून में प्रोफेसर है। दूसरा बेटा उत्कल कुमार दिल्ली में मल्टीनेशनल बैंक ऑफ अमेरिका में अधिकारी है। मृतिका के पति अमरेंद्र कुमार दास AG ऑफिस में अधिकारी थे और 2008 में रिटायर्ड हुए थे। उनकी मौत 2023 में हुई थी।



**सुबह पड़ोसी ने बेटी को फोन कर बुलायाः** बताया जा रहा है कि सबसे पहले घटनास्थल पर पड़ोस की महिला पहुंची थी। उसने महिला की बेटी को फोन कर घटना की जानकारी दी। महिला की बेटी इसी बिल्डिंग में डांस क्लास चलाती है। वहीं देख-रेख भी करती थीं।

**पुलिस ने पड़ोसी महिला को हिरासत में लिया हैः** हत्या में पुलिस ने पड़ोस की रहने वाली एक महिला को हिरासत में लिया है। यही महिला सबसे पहले मौके पर पहुंची थी। मीडिया ने इस महिला से सवाल किया तो किसी सवाल का कोई जवाब नहीं दिया। फिलहाल पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है।

**मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीमः** मौके पर सचिवालय SDPO 2 साकेत कुमार सहित स्थानीय थाने की पुलिस और फोरेंसिक टीम पहुंची और जांच शुरू कर दी है। सचिवालय SDPO 2 ने बताया कि, 'आज शास्त्री नगर थाना को यह सूचना मिली थी AG कॉलोनी में हाउस नंबर सी 71 में कुछ घटना घटी है। सूचना के सत्यापन के लिए शास्त्री नगर थानाध्यक्ष तुरंत घटना स्थल पहुंचे।

**पटना IG बोले- SIT कर रही घटना की जांचः** पटना आईजी जितेन्द्र राणा ने कहा कि, 'अभी SIT ने घटनास्थल का मुआयना किया है। इसमें जो भी जांच के बिंदु हैं, उन सभी बिंदुओं पर टेक्निकल जांच होगी। उसके अलावा जो बाकी अभी तक अनुसंधान में प्रोग्रेस हुई है, उस सब की समीक्षा की जाएगी। आपने देखा कमजोर वर्ग की एक महिला द्वारा भी घर विजिट किया गया है।'

## दो दिवसीय संत मत सत्संग संपन्न



लोकतंत्र की शान, सुमन सिंह कटिहार

**कटिहारः** नगर निगम वार्ड संख्या 03 स्थित शांति पैलेस विवाह भवन में 15 एवं 16 जनवरी को 12वीं वार्षिक दो दिवसीय संतमत सत्संग का आयोजन किया गया। इस भक्तिमय और आध्यात्मिक आयोजन में महर्षि स्वामी ओमानंद जी महाराज का आगमन हुआ और उन्होंने अपने प्रवचन से लोगों को लाभान्वित किया। इस आयोजन में भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया और संत-महात्माओं के मुखारविंद से प्रवचन सुनकर लाभ उठाया। लोगों ने आध्यात्मिक भजन-कीर्तन, स्तुति-विनती और प्रवचन से अपने जीवन को सार्थक बनाने का प्रयास किया। आयोजक समाज सेवी सह वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संजय तांती ने बताया कि यह आयोजन का 12वां वर्ष है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन में लोगों को आध्यात्मिक भजन-कीर्तन, स्तुति-विनती और प्रवचन से लाभ प्राप्त होता है। यह आयोजन लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक प्रयास है। इस दो दिवसीय संतमत सत्संग में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने जीवन को आध्यात्मिक बनाने का प्रयास किया। आयोजन की सफलता के लिए आयोजकों और सभी भक्तों ने कड़ी मेहनत की।

## पुलिस अधीक्षक ने पुलिस केंद्र मैं नवनियुक्त सिपहियो का प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया



लोकतंत्र की शान, सुमन सिंह कटिहार

**कटिहारः** पुलिस अधीक्षक ने पुलिस केंद्र में नवनियुक्त सिपाहियों के बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षुओं की गतिविधियों, अनुशासन, परेड अभ्यास और शारीरिक दक्षता का सूक्ष्म एवं गहन अवलोकन किया। पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षण कार्य में संलग्न पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और प्रशिक्षुओं को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षुओं को इस तरह से प्रशिक्षित किया जाए कि वे आम जनता के साथ मित्रवत व्यवहार कर सकें और उनकी समस्याओं का समाधान कर सकें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षुओं को अपने कर्तव्यों का पालन करने और अनुशासन में रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस की छवि सुधारने में प्रशिक्षुओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।


# खेल संबंधी समस्याओं को लेकर होगी जनसुनवाई हर सोमवार-शुक्रवार को कर सकेंगे शिकायतें

लोकतंत्र की शान, पटना

पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स स्थित बिहार राज्य खेल प्राधिकरण (BSSA) के ऑफिस में अब खेल संबंधी शिकायतें सुनी जाएगी। बिहार सरकार द्वारा मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में 'सात निश्चय-3 में 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत यह फैसला लिया गया है। BSSA के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने इसकी जानकारी दी। हर सोमवार और शुक्रवार को सुबह 11 से 1 बजे के बीच खेल से जुड़े खिलाड़ियों और हितधारकों की शिकायतों, समस्याओं और सुझावों को सुना जाएगा।

**सुझावों पर किया जाएगा अमल- BSSA महानिदेशकः** रवीन्द्रण शंकरण ने कहा कि नीतीश कुमार के द्वारा सात निश्चय-3 का कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसका सातवां निश्चय 'सबका सम्मान, जीवन आसान' है। इस योजना के तहत हर पदाधिकारी को अपने कार्यालय में दो दिन-सोमवार और शुक्रवार को वर्किंग टाइम के बीच पब्लिक से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनना

### सात निश्चय-3 के तहत लिया गया फैसला




है और समस्या का समाधान निकालना है। इस योजना के तहत बिहार राज्य खेल प्राधिकरण में हर सोमवार और शुक्रवार को मेरे कार्यालय में आकर खेल संबंधी समस्याओं के बारे में बता सकते हैं। हमारी कोशिश रहेगी कि आपकी सारी कंप्लेंट और समस्याओं का जल्दी से निपटारा किया जा सके। अगर आपका कोई सुझाव होगा तो उस पर अमल भी किया जाएगा।

**19 जनवरी से प्रभावी होगी यह व्यवस्थाः** इस पहल के बारे में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद जानकारी दी थी। इसका मुख्य उद्देश्य सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम करना और आसान बनाना है। यह व्यवस्था 19 जनवरी, 2026 से प्रभावी होगी। सीएम नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, '24 नवंबर 2005 को राज्य में जब से हम लोगों की सरकार बनी तब से न्याय के साथ विकास के सिद्धांत पर चलते हुए हम लोगों ने समाज के सभी वर्ग के लोगों के उत्थान एवं हर क्षेत्र के विकास के लिए काम किया है।' 'हम लोगों ने पूरे बिहार को अपना परिवार माना है और सबके मान और सम्मान का पूरा ख्याल रखा है। अब राज्य में समाज के हर वर्ग के लोग सम्मान के साथ आसानी से जीवन व्यतीत कर सकें इसे लेकर हम लोगों ने गंभीरता से कार्य प्रारंभ कर दिया है।"

# शॉर्ट सर्किट से प्लास्टिक गोदाम में आग 1 किमी दूर से दिखा धुएं का गुबार

लोकतंत्र की शान, पटना

पटना सिटी के बाईपास थाना क्षेत्र स्थित करमाली चेक में शनिवार सुबह एक प्लास्टिक गोदाम में आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें काफी ऊंची उठती दिखीं, धुएं का गुबार एक किलोमीटर दूर से ही नजर आ रहा है। गोदाम कर्मचारियों ने फायर ब्रिगेड को खबर की, जिसके बाद अग्निशमन विभाग की एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू हुई। गनीमत रही कि आग भड़कते समय गोदाम के अंदर कोई भी व्यक्ति नहीं था। नहीं तो यह घटना और भयानक हो सकती थी।

### पटना में दमकल की 12 गाड़ियां काबू पाने में जुटीं



**गोदाम में कोने से निकला धुआं, कुछ देर में लपटें उठने लगींः** शनिवार सुबह गोदाम के एक कोने में अचानक आग लगने के बाद धुआं उठने लगा। जब लोगों ने आग देखी तो इसकी सूचना फौरन बाईपास थाना को दी। इधर, प्लास्टिक के सामान होने की वजह से आग और तेजी से फैली और पूरी गोदाम में फैल गई। इधर, सूचना मिलने के बाद बाईपास थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। पटना के लगभग एक दर्जन दमकल गाड़ियां और एक हाइड्रोलिक गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में जुटी।

**प्लास्टिक के डिब्बों से भरा था गोदामः** गोदाम में प्लास्टिक के बड़े-बडे डिब्बे थे, जिसकी वजह से आग तेजी से फैली। लाखों के नुकसान की आशंका है। आग गोदाम के पहले तल्ले पर लगी, जिसे समय रहते कंट्रोल किया जा रहा है। बाइपास होने से घनी आबादी वाला इलाका नहीं है, लेकिन पास की कुछ बिल्डिंग को नुकसान न हो, इसका भी ख्याल रखा जा रहा है।

**फायर सेफ्टी का कोई मापदंड पूरा नहीं - फायर ऑफिसरः** फायर ऑफिस दयानंद सिंह ने बताया, लगभग एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के लिए काम करना शुरू कर दिया है। शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की संभावना है। नुकसान को लेकर उन्होंने बताया कि, फिलहाल गोदाम के मालिक ने इस संबंध में अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है।

## दानापुर में सड़क किनारे पड़ा मिला शव, आधार कार्ड से हुई पहचान

लोकतंत्र की शान, पटना

पटना के दानापुर में शनिवार सुबह सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव दानापुर थाना क्षेत्र के गाभतल पंचशील नगर रोड स्थित जीतन इनक्लेव के सामने मिला है। सूचना मिलने पर डायल 112 और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की है।

**शरीर पर किसी भी चोट के निशान नहींः** स्थानीय लोगों के अनुसार, युवक शुक्रवार रात करीब 10 बजे से दुकान के चबूतरे पर बैठा था। इसके बाद क्या हुआ, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। मृतक के शरीर पर किसी तरह के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है।

**आधार कार्ड से हुई शव की पहचानः** शव के पास एक चबूतरे पर मृतक का पर्स और उसमें रखे कागजात मिले, जिसमें एक आधार



### पास में पड़ा मिला पर्स

कार्ड भी शामिल था। सारे कागजात बिखरे पड़े थे। आधार कार्ड के जरिए मृतक की पहचान भोजपुर के छज्जनगंज भालूहीपुर, आरा निवासी 41 वर्षीय सुशील कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने पर्स में मिले कुछ नंबरों पर संपर्क कर परिजनों को सूचना दी। दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि, गाभतल मुशहरी के समीप एक व्यक्ति का शव मिला है। शव पर कोई चोट के निशान नहीं हैं। मृतक की पहचान कर परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पटना सिटी में एटीएम तोड़ने की कोशिश फेल, पुलिस जांच में जुटी

लोकतंत्र की शान, पटना

पटना सिटी के चौक थाना क्षेत्र में आरओबी पुल के नीचे एक एटीएम में चोरी का असफल प्रयास किया गया। शुक्रवार देर रात चोरों ने एटीएम को तोड़ने की कोशिश की, लेकिन नकदी निकालने में सफल नहीं हो पाए। चोरी की कोशिश में बदमाशों ने ATM को डैमेज कर दिया और वहां लगे सीसीटीवी कैमरों को तोड़ दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है।

यह घटना शुक्रवार की देर रात हुई, जब चोरों के एक गिरोह ने एटीएम को निशाना बनाया। चोरों ने एटीएम को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और उसमें लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ दिया, ताकि उनकी पहचान न हो सके। गनीमत रही कि एटीएम में रखा कैश पूरी तरह सुरक्षित पाया गया। शनिवार सुबह जब स्थानीय लोगों और फुटपाथ दुकानदारों ने एटीएम को टूटा




देखा तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। मकान मालिक मोहम्मद इमरान ने बताया कि, उनके मकान के नीचे एक निजी कंपनी का यह एटीएम है। उन्होंने भी घटना की जानकारी चौक थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 और चौक थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। चौक थाना प्रभारी ने बताया कि चोरों ने एटीएम तोड़कर पैसा निकालने का प्रयास किया था, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। एटीएम में रखी सारी नकदी सुरक्षित है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर चोरों के गिरोह का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# बिहार पुलिस को मिलेगी ड्रोन यूनिट

लोकतंत्र की शान, पटना

बिहार पुलिस अब कानून-व्यवस्था और यातायात नियंत्रण को बेहतर बनाने के लिए तकनीक का सहारा ले रही है। राज्य में पहली बार बिहार पुलिस की एक अलग ड्रोन यूनिट का गठन किया जाएगा। इस यूनिट का मुख्य उद्देश्य भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करना होगा। एडीजी (आधुनिकीकरण) सुधांशु कुमार ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ड्रोन यूनिट के गठन से पुलिसिंग अधिक प्रभावी, तेज और तकनीक आधारित बनेगी।

**ड्रोन यूनिट का गठन, 50 आधुनिक ड्रोन खरीदेंगेः** एडीजी सुधांशु कुमार के अनुसार, इस यूनिट के लिए कुल 50 आधुनिक ड्रोन खरीदे जाएंगे, जिन पर लगभग 25 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इनमें से 40 ड्रोन राज्य के विभिन्न पुलिस जिलों को दिए जाएंगे, जबकि 10 ड्रोन विशेष कार्यों के लिए स्पेशल टास्क फोर्स (STF) को मिलेंगे। इन ड्रोन की खरीद केंद्र सरकार की ASUMP (असिस्टेंस टू स्टेट्स एंड ड्यूटीज



फॉर मॉडर्नाइजेशन ऑफ पुलिस) योजना के तहत की जा रही है। उम्मीद है कि यह ड्रोन यूनिट मार्च तक पूरी तरह सक्रिय हो जाएगी।

**निगरानी में होगा ड्रोन का प्रमुख उपयोगः** ड्रोन तकनीक का एक प्रमुख उपयोग यातायात निगरानी में होगा। एडीजी ने बताया कि ड्रोन कैमरों की मदद से बिना हेलमेट वाहन चलाने, गलत लेन में ड्राइविंग करने, ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने और जाम लगाने जैसी स्थितियों की पहचान की जाएगी। इसके बाद संबंधित वाहन मालिकों के खिलाफ ऑनलाइन चालान

### 50 एडवांस ड्रोन खरीदेंगे

की कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, ड्रोन यूनिट बड़े आयोजनों, त्योहारों, वीआईपी मूवमेंट और संवेदनशील इलाकों में भीड़ नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ऊंचाई से पूरे क्षेत्र की लाइव निगरानी संभव होगी, जिससे स्थिति का तुरंत आकलन कर पुलिस बल की प्रभावी तैनाती की जा सकेगी।

**अपराधियों पर होगी सख्त निगरानीः** STF को दिए जाने वाले ड्रोन का इस्तेमाल खास तौर पर दियारा क्षेत्रों और दुर्गम इलाकों में सक्रिय अपराधियों की निगरानी के लिए किया जाएगा। एडीजी ने कहा कि, इन इलाकों में पुलिस की भौतिक पहुंच सीमित रहती है, लेकिन ड्रोन के जरिए अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखना आसान होगा। ड्रोन यूनिट के गठन से बिहार पुलिस की कार्यप्रणाली में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है। इससे अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और आम लोगों की सुरक्षा को नई मजबूती मिलेगी। पुलिसिंग में तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल से जवाबदेही और पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

## खास खबर

### पानीपतः तांत्रिक ने महिला को बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

**लोकतंत्र की शान : पानीपत।** अंधविश्वास में फंसी महिला को एक तांत्रिक दस दिनों तक असम के जंगल में बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। पुलिस ने मामला दर्ज करके अगली कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा काफी समय से बीमार चल रहा था और उसे अक्सर शरीर में दर्द रहता था। अपने बच्चे के कष्ट को दूर करने के लिए वह एक तांत्रिक के संपर्क में आई। तांत्रिक ने महिला को बताया कि उसके बेटे पर किसी का साया है, जिसे वह अपनी तंत्र-विद्या से ठीक कर देगा। तांत्रिक ने महिला को यमुना नदी के किनारे बुलाया जहाँ उसे कुछ 'प्रसाद' दिया गया। तीन दिन बाद उससे फिर संपर्क किया गया। चार जनवरी को आरोपी ने महिला के गांव में ही एक ऑटो भेजा ताकि उसे लाया जा सके। रास्ते में तांत्रिक ने महिला को खाना दिया, जिसमें कोई नशीला पदार्थ मिला हुआ था। खाना खाते ही महिला बेसुध हो गई। जब महिला को होश आया, तो अपने आप को असम के घने जंगलों में बने कमरे में पाया। महिला ने बताया कि उसे 10 दिनों तक बंधक बनाकर रखा, इस दौरान तांत्रिक उसके साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा। वह जंगलों में उसकी सुनने वाला कोई नहीं था। असम के बाद आरोपी उसे गोरखपुर ले गया, जहाँ से वह पुलिस की पकड़ा में आया। परिजनों ने बताया कि गायब होने के बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने महिला की लोकेशन ट्रेस की और कड़ी मेहनत के बाद उसे शुक्रवार को बरामद कर पानीपत लाकर महिला का मेडिकल कराकर परिजनों को सौंप दिया। पानीपत पुलिस ने तांत्रिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### यमुनानगर में मृत लाभार्थी के नाम पर ली पेंशन, मामला दर्ज


**लोकतंत्र की शान : यमुनानगर।** यमुनानगर जिले के व्यासपुर क्षेत्र के गांव परभौली में पेंशन वितरण व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर करने वाला एक मामला सामने आया है। यहां एक निजी एजेंसी के कर्मचारी द्वारा पूर्व ग्राम सरपंच की कथित मिलीभगत से कई मृत व्यक्तियों को जीवित दर्शाकर उनकी सामाजिक सुरक्षा पेंशन हड़पने का खुलासा हुआ है। सीएम फ्लाइंग की जांच में सामने आया कि कम से कम 7–8 मृत लाभार्थियों के नाम पर वर्षों तक पेंशन की निकासी की जाती रही। एक चौंकाने वाले मामले में पात्र व्यक्ति की मृत्यु दिसंबर 2015 में हो चुकी थी, लेकिन उसके खाते से जुलाई 2016 के बाद लगातार करीब नौ वर्षों तक पेंशन राशि निकाली जाती रही। जांच में यह भी उजागर हुआ कि आरोपी एजेंट, जो मनीपाल बिजनेस सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा हुआ है, पेंशन खाते के सत्यापन के दौरान बायोमेट्रिक प्रक्रिया में हेरफेर करता था। खाते में मृतक की सभी उंगलियों के फिंगरप्रिंट दर्ज करने के बजाय एक स्थान पर उसने स्वयं का फिंगरप्रिंट दर्ज कर दिया, जिससे मृत्यु के बाद भी नियमित रूप से पेंशन निकासी संभव हो सकी। सीएम फ्लाइंग के सब-इंस्पेक्टर की शिकायत पर थाना व्यासपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पूछताछ में पेंशन की पूरी राशि अपने निजी उपयोग में खर्च करने की बात स्वीकार की है। फिलहाल, जांच का दायरा बढ़ाते हुए पूर्व सरपंच की भूमिका, अन्य संदिग्ध पेंशन खातों और संबंधित कंपनी स्तर पर संभावित लापरवाही या मिलीभगत की भी गहन पड़ताल की जा रही है।

### स्कूल की मान्यता रद्द करने पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब



**लोकतंत्र की शान : जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कक्षा चार की बच्ची अमायरा की मौत के बाद मानसरोवर स्थित नीरजा मोदी स्कूल की मान्यता रद्द करने से जुड़े मामले में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और सीबीएसई सचिव सहित अन्य को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब तलब किया है। जस्टिस बिपिन गुप्ता की एकलपीठ ने यह आदेश नीरजा मोदी स्कूल की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता रचित शर्मा ने अदालत को बताया कि सीबीएसई ने गत दिनों एक आदेश जारी कर स्कूल की कक्षा 9 से 12वीं तक की मान्यता को रद्द कर दिया था, जबकि बच्ची की मौत आत्महत्या का मामला है। ऐसे में स्कूल की मान्यता रद्द करना गलत है। स्कूल की मान्यता रद्द होने से यहां पढ़ रहे सैकड़ो बच्चे भी मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं और उनका भविष्य अधर में हो गया है। ऐसे में स्कूल की मान्यता रद्द करने के संबंध में जारी आदेश को निरस्त किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। गौरतलब है कि नीरजा मोदी स्कूल में कक्षा 4 में पढ़ने वाली अमायरा ने स्कूल की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद स्कूल प्रशासन ने घटना स्थल को पानी से धो दिया था। वहीं बीते दिनों सीबीएसई ने स्कूल की मान्यता को रद्द कर दिया था।

### नगर निगम की किशनपोल जोन में अवैध निर्माण पर निगम की सख्ती, पांच भवन-दुकानें सीज



**लोकतंत्र की शान : जयपुर।** नगर निगम जयपुर ने शहर में बढ़ते अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में किशनपोल जोन में शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच अवैध भवनों व दुकानों को सीज किया गया। यह कार्रवाई भवन उपविधियों और स्वीकृत मानचित्रों की अनदेखी के बावजूद निर्माण जारी रखने पर की गई। उपायुक्त विजेन्द्र सिंह के निर्देश पर राजस्व अधिकारी सुनील कुमार के नेतृत्व में निगम की जोन टीम ने पुलिस जाब्ते के साथ संयुक्त कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित स्थानों पर हैरिटेज बायलॉज और स्वीकृत नक्शों के विपरीत अतिरिक्त मंजिलों का निर्माण किया गया था। पूर्व में नोटिस जारी होने के बावजूद निर्माण नहीं रोके जाने पर निगम ने सख्त कदम उठाया। नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने स्पष्ट किया कि शहर में किसी भी तरह का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। निगम ने आमजन से अपील की है कि किसी भी निर्माण कार्य को शुरू करने से पहले आवश्यक स्वीकृति अवश्य लें, अन्यथा अवैध निर्माण पाए जाने पर सील, जुर्माना और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जम्मू-कश्मीर के दो छात्रों को रेस्क्यू कर परिजनों को सौंपा

**लोकतंत्र की शान : हरिद्वार।** एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) की टीम ने पढ़ाई से तंग आकर छात्रावास से फरार हुए दो छात्रों को रेस्क्यू कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। छात्रों के मिलने पर परिजनों ने टीम का आभार व्यक्त किया जानकारी के मुताबिक, दोनों छात्र जम्मू कश्मीर स्थित छात्रावास से फरार हो गए थे और रेल के माध्यम से हरिद्वार पहुंचे। 16 जनवरी को हरकी पैड़ी से एएचटीयू की टीम ने उन्हें दयनीय हालत में बचाया। पूछताछ में 11 और 8 वर्षीय दोनों बच्चों ने बताया कि वे जम्मू कश्मीर के निवासी हैं और 15 जनवरी को अपने हॉस्टल से भागकर हरिद्वार आए थे। चिकित्सा जांच और विधिक प्रक्रिया के बाद बच्चों को बाल कल्याण समिति हरिद्वार में काउंसलिंग के बाद खुला आश्रय गृह, कनखल में संरक्षण दिलाया गया। पुलिस ने बच्चों के परिजनों से संपर्क कर उन्हें आज पुलिस कार्यालय रोशनाबाद हरिद्वार में सौंपा।

## कांग्रेस का एक दिवसीय उपवास, सरकार व प्रभारी मंत्री से इस्तीफे की मांग


**लोकतंत्र कि शान हसन रशीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश**



इंदौर में मल युक्त पानी पीने से हुई दर्दनाक मौतों को लेकर कांग्रेस का एक दिवसीय उपवास, सरकार व प्रभारी मंत्री से इस्तीफे की मांग एवं महात्मा गांधी जी के नाम से चल रही मनरेगा योजना का नाम बदलने को लेकर। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी जी के मार्गदर्शन में आज कटनी शहर में इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई निर्दोष नागरिकों की मृत्यु की दुखद घटना के विरोध में एकदिवसीय उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस उपवास कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष श्री अमित शुक्ला जी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष,समस्त ब्लॉक अध्यक्ष समस्त प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, सेवादल ,एनएसयूआई एवं कांग्रेस के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने वक्तव्य में इंदौर की घटना को लेकर राज्य सरकार एवं प्रभारी मंत्री की कड़ी निंदा की तथा उनसे नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि दूषित पानी जैसी बुनियादी समस्या पर सरकार की लापरवाही सीधे तौर पर आम जनता की जान पर भारी पड़ी है। उपवास के माध्यम से कांग्रेसजनों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवारों को पर्याप्त मुआवजा, दोषियों पर सख्त कार्रवाई और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। मनरेगा का नाम नहीं बदलना चाहिए क्योंकि राष्ट्रपिता महत्मा गांधी देश को स्वतंत्र कराने में सर्वस्व जीवन लगा दिये है। शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के हक और जीवन की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। यह उपवास केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि सरकार की जवाबदेही तय करने की एक मजबूत आवाज है। कांग्रेस पार्टी आमजन की सुरक्षा, स्वच्छ पेयजल और जवाबदेह शासन के लिए अपने आंदोलन को आगे भी जारी रखेगी। उपवास कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला, प्रभारी राजेश चौबे, बी एम तिवारी,हरिशंकर शुक्ल,महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा,राजा जगवानी, दिव्यांशु अंशु मिश्रा प्रदेश सचिव,सौम्या राधेलिया,राजेश जाटव,अजय जैसवानी,सुशील जायसवाल,राकेश गुड्डू द्विवेदी,जालिम यादव,श्याम पाहुजा, आफताब अहमद चोखे भाई मौ सूफ अहमद बिट्टू,शैलेन्द्र शुक्ला,गणेश राव, रविशंकर दुबे,कमल पांडे दिग्विजय सिंह, संजय गुप्ता, माया चौधरी, आदिता वर्मा ,हेमा शर्मा , मुमताज बानो शशि यादव ,ओमप्रकाश कुशवाहा,अजय कोल, विनीत जायसवाल, नारायण निषाद, अहमद कुरैशी, कल्लू दास बैरागी,कैलाश कन्नौजिया, शरद पाल सिंह ,श्याम यादव ,विजय मंगल चौधरी,जयराम दास गुरनानी,अहमद कुरैशी, रमेश मिश्रा,रमेश अहिरवार, विनोद अहिरवार,प्रियंक बिचपुरिया,अजय खटीक,शशांक गुप्ता,घनश्याम रजक अभिषेक शिवहरे,नरेश कुमार,एवं समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## नारनौलः पुलिस मुठभेड़ के बाद दो बदमाश गिरफ्तार

**लोकतंत्र की शान**



**नारनौल।** नारनौल में शनिवार सुबह पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश को पैर में गोलियां लगीं। बदमाश का एक साथी भी मौके से गिरफ्तार किया गया है, जो अलवर जिले का है। दोनों घायलों को उपचार के लिए नारनौल के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उनका इलाज चल रहा है। दोनों के पास से अवैध हथियार भी बरामद हुए हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ दिन पूर्व सलामपुरा मोहल्ले में हुई फायरिंग का आरोपी शिवदयाल फुलेरा की ओर से ट्रेन में सवार होकर नारनौल की तरफ आ रहा है। उसके साथ अलवर जिले का एक अन्य बदमाश भी मौजूद है। सूचना के आधार पर सीआईए की टीम पहले से ही स्टेशन क्षेत्र में तैनात हो गई। पुलिस को देखकर बदमाश स्टेशन से पहले ही ट्रेन से उतरकर भागने लगे। पुलिस टीम ने उन्हें घेरकर पकड़ने की कोशिश की, इसी दौरान बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की। दोनों ओर से हुई गोलीबारी में सीआईए इंचार्ज को भी गोली लगी, जबकि शिवदयाल के पैर में गोली लगने से वह घायल होकर गिर पड़ा। घायल होने के बाद पुलिस ने बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाशों को तुरंत नारनौल के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर कड़ी निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के समय जवानों ने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी हुई थी, जिससे बचाव हो गया। मौके से पुलिस ने दोनों के पास से अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार शिवदयाल वही आरोपी है, जिसने कुछ दिन पहले मोहल्ला सलामपुरा में थार गाड़ी में आकर बोलेरो सवार पर फायरिंग की थी। उस घटना के बाद से पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी।

## पानीपतः बंद पड़े मकान से लाखों की चोरी

**लोकतंत्र की शान**




**पानीपत।** पानीपत में परिवार की गैर मौजूदगी में उनके मकान में चोरों ने लाखों रुपए पर हाथ साफ कर दिया। परिवार के घर आने के बाद चोरी का पता चला, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर आकर पूरी जानकारी ली। पुलिस को दी जानकारी में बलजीत नगर, निवासी अरुण कुमार ने बताया कि 14 जनवरी को वह अपनी भांजी के निधन पर परिवार सहित यूपी गए थे। जब अपने परिवार के साथ वापस पानीपत पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि उनके मकान का मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ था। घर में सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी के अंदर रखे कैश बॉक्स और गहनों के डिब्बे खाली पड़े थे। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोरों ने अलमारी से एक लाख 10 हजार रुपए की नकदी चोरी की है। नकदी के अलावा, चोरों ने करीब 4 लाख रुपए मूल्य के सोने और चांदी के आभूषणों पर भी हाथ साफ किया। घटना की सूचना तुरंत चांदनी बाग थाना पुलिस को दी गई। थाना चांदनी बाग प्रभारी ने बताया कि अरुण की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है ।

## संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन 31 मार्च तक

**लोकतंत्र कि शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश**





**कटनी :** राज्य शासन के निर्देशानुसार संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन 31 मार्च 2026 तक किया जाना है। इस दौरान विशेष अभियान चलाकर पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं एवं उन योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य अनुरूप लाभ एवं शासन द्वारा प्रदान की जा रही 106 सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिए प्रभावी एवं समयबद्ध कार्यवाही की जाना है। अभियान के तहत प्रथम चरण में, 15 फरवरी 2026 तक आवेदन प्राप्त करने हेतु कार्यालय कार्यालय कलेक्टर द्वारा क्लस्टर वार वार्ड स्तरीय समिति एवं नोडल अधिकारी का गठन किया जाकर गठित दल के आई.डी., पासवर्ड तैयार कराये गये हैं। उपायुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों का दल गठित कर 15 फरवरी 2026 तक वार्डों में घर-घर जाकर शासन की चिन्हित योजनाओं से संबंधित आवेदन एकत्रित करने के निर्देश दिए गए है। उपायुक्त श्री गुप्ता द्वारा गठित दल के नोडल अधिकारियों एवं शिविर दल प्रभारी को गठित दल के माध्यम से, जनप्रतिनिधियों एवं वार्ड पार्षद से समन्वय करते हुए शासन निर्देशानुसार अभियान की कार्यवाही करने के निर्देश दिए है, वही नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन कार्य प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिए गए है।

**वार्डवार शिविर स्थल-** संकल्प से समाधान अभियान के तहत क्लस्टर एवं वार्डवार आयोजित होने वाले शिविरों के तहत वार्ड क्रमांक 1 से 5 तक के वार्डों हेतु 16 फरवरी 2026 को जोन क्रमांक 1 स्वामी विवेकानंद सभागार में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के नोडल अधिकारी सुनील सिंह सहायक यंत्री तथा शिविर प्रभारी पवन श्रीवास्तव उपयंत्री होंगे। प्रत्येक वार्ड हेतु वार्ड प्रभारी नियुक्त किए जाकर गठित दल में पटवारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, समयपाल हेल्थ वर्कर, वार्ड दरोगा, कंप्यूटर ऑपरेटर की ड्यूटी लगाई गई है।

## अवैध अफीम के बारह साल पुराने मामले में आरोपित को दो साल की कठोर सजा व 20 हजार जुर्माना

**लोकतंत्र की शान**



**जोधपुर।** एनडीपीएस न्यायालय जोधपुर के विशिष्ट न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा ने 12 साल पुराने अवैध मादक पदार्थ अफीम के मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपित को 2 वर्ष का कठोर कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। सरकार की ओर से पैरवी के लिए नियुक्त गोविन्द जोशी विशिष्ट लोक अभियोजक एनडीपीएस जोधपुर ने बताया कि 25 अप्रेल 2014 को पुलिस थाना डांगियावास के तत्कालीन थानाधिकारी हरजीराम अपने पुलिस जाब्ता के साथ वाहन चैकिंग के लिए जा रहे थे तो कोकुंडा गांव के पास पुलिस को देखकर एक मोटरसाइकिल के पीछे बैठकर जा रहे हमीरराम ने अपनी जेब से निकालकर अफीम की थैली नीचे फेंक दी। पुलिस ने उस 100 ग्राम अफीम की थैली को बरामद कर मोटरसाइकिल चालक शिवलाल और पीछे बैठे हमीरराम को गिरफ्तार किया तथा बाद अनुसंधान आरोपितों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। गोविन्द जोशी विशिष्ट लोक अभियोजक एनडीपीएस जोधपुर ने न्यायालय से वर्तमान में अवैध मादक पदार्थों के मामलों में उतरोतर वृद्धि होने, अवैध मादक पदार्थों के अपराध गंभीर किस्म की प्रकृति के अपराध होने और उसका समाज में प्रतिकूल प्रभाव पडऩे की वजह से आरोपित को कठोरतम सजा देने की मांग की जबकि आरोपित ने नरमी बरतने का आग्रह किया। विशिष्ट न्यायालय एनडीपीएस जोधपुर के विशिष्ट न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा ने शुक्रवार को अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत कुल 9 गवाह, 29 दस्तावेजी साक्ष्य और 3 आर्टिकल के आधार पर अभियुक्त हमीरराम पुत्र लाभूराम जाट निवासी सूरपुरा कला पुलिस थाना कड़वड़, जोधपुर को अवैध मादक पदार्थ अफ़ीम रखने के आरोप में दोषी ठहराते हुए 2 वर्ष की कठोर सजा व बीस हजार रुपये के जुर्माने की कठोर सजा सुनाई।

## लोकतंत्र की हत्या नहीं होगी बर्दाश्त- पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत

**लोकतंत्र की शान**



**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रामगढ़ (अलवर) विधानसभा क्षेत्र से जुड़े एक मामले को लेकर भाजपा और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गहलोत ने सोशल मीडिया पर बयान जारी करते हुए कहा कि प्रदेश में लोकतंत्र का जिस स्तर पर चीरहरण हो रहा है, रामगढ़ का यह प्रकरण उसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। गहलोत ने आरोप लगाया कि एक ही दिन में भाजपा के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के नाम पर 1383 फर्जी आपत्तियां दर्ज की गईं, जबकि संबंधित बीएलए स्वयं इन आपत्तियों पर किए गए हस्ताक्षरों से इनकार कर रहे हैं। उन्होंने इसे सिर्फ "वोट चोरी" नहीं, बल्कि कूटरचित दस्तावेज के जरिए जनादेश पर डकैती डालने का सुनियोजित षड्यंत्र बताया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में इस तरह के प्रयास किए गए, लेकिन कई स्थानों पर इनका भंडाफोड़ हो गया। उन्होंने प्रशासन और निर्वाचन आयोग की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह मामला बेहद गंभीर है और इसकी जिम्मेदारी राज्य के मुख्य निर्वाचन आयुक्त की बनती है। गहलोत ने मांग की कि इस कथित जालसाजी में शामिल लोगों के साथ-साथ मूकदर्शक बने अधिकारियों के खिलाफ भी तुरंत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में कार्यरत जिला कलेक्टर और ईआरओ के रूप में काम कर रहे एसडीएम से किसी भी दबाव में न आने और पूरी प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखते हुए निष्पक्ष व ईमानदारी से कार्य करने की अपील की। गहलोत ने चेतावनी देते हुए कहा कि जनता सब देख रही है और लोकतंत्र की हत्या किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## स्टार्टअप इंडिया रैंकिंग में उत्तराखण्ड को मिला 'लीडर' का दर्जा

**लोकतंत्र की शान**




» यह सम्मान उत्तराखण्ड के लिए गर्व का विषय है : मुख्यमंत्री

**देहरादून।** भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा जारी स्टेट स्टार्टअप इकोसिस्टम रैंकिंग (5वां संस्करण) में उत्तराखंड को मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित करने के लिए 'लीडर' श्रेणी में मान्यता प्रदान की गई है। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर उत्तराखंड सरकार के उद्योग विभाग को इस उपलब्धि के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस सम्मान से यह स्पष्ट होता है कि उत्तराखण्ड में स्टार्टअप नीति के जरिए नवाचार, उद्यमिता, निवेश प्रोत्साहन और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में कामयाब रहा है, जिसे अब राष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा रहा है। उत्तराखंड की उपलब्धि को राष्ट्रीय स्तर पर एक मॉडल के तौर पर भी देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह सम्मान उत्तराखण्ड के लिए गर्व का विषय है। हमारी सरकार ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल नीतियां, सरल प्रक्रियाएं और मजबूत इकोसिस्टम विकसित किया है। राज्य के युवाओं में नवाचार की अद्भुत क्षमता है और सरकार हर स्तर पर उन्हें सहयोग प्रदान कर रही है। यह उपलब्धि प्रदेश के सभी उद्यमियों, स्टार्टअप्स और अधिकारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

## कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने 26 करोड़ की 18 विकास योजनाओं की सौगात दी

**लोकतंत्र की शान**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने पौड़ी जिले के राजकीय इंटर कॉलेज किमगड़ी (विकासखंड पोखड़ा) के वार्षिकोत्सव में प्रतिभाग करते हुए चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र को कुल 26 करोड़ रुपये की 18 विकास योजनाओं की सौगात दी। साथ ही उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज किमगड़ी में शीघ्र विज्ञान विषय शुरू करने की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने राज्य योजना के अंतर्गत विकासखंड पोखड़ा में दमदेवल गडरी के झलपाडी तक 12 से 15 किलोमीटर तक मोटर मार्ग के विस्तार, पुनर्निर्माण व सुधारीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग की 339.77 लाख की धनराशि की योजना के साथ-साथ 177.98 लाख की भरतपुर-सुंदरई मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण एवं सुधारीकरण कार्य, 172.31 लाख की लागत की दमदेवल गडरी मोटर मार्ग के झलपाडी तक विस्तार, पुनर्निर्माण, सुधारीकरण एवं डामरीकरण कार्य के साथ ही 345.88 लाख की चलकुडिया-मसमोली-सकनोली-नोखोली मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण एवं सुधारीकरण कार्य, 237.21 लाख की धनराशि की कुण्जखाल-बरसुण्डा मोटर मार्ग के नवीनीकरण कार्य स्टेज-2, 97.06 लाख की संगलाकोटी-बोन्दरखाल मोटर मार्ग के क्षतिग्रस्त दीवारों के पुनर्निर्माण एवं नवनिर्माण कार्य, 222.89 लाख की धनराशि की कोलाखाल-जजेडी मोटर मार्ग डामरीकरण के कार्य और 189.70 लाख की लागत की कुल 08 विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री ने पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए विकासखंड पोखड़ा में 50 लाख की लागत से निर्मित हुए ग्राम पंचायत वीणाधार, कमेड़ी, देवरानी, असलोट और 10 की लाख की धनराशि से विकासखंड एकेश्वर के ग्राम पंचायत डण्डा मल्ला के पंचायत भवनों का भी लोकार्पण करने के साथ-साथ पोखड़ा विकास खण्ड के देवराडी ग्राम मल्ली में 136.94 लाख की लागत से निर्मित होने वाली स्प्रिकलर प्रणाली पर आधारित लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास और विकास खण्ड एकेश्वर के ग्राम पाखरी में 120 लाख की धनराशि की सोलर आनग्रीड पर आधारित लिफ्ट सिंचाई योजना के नवनिर्माण का लोकार्पण किया। इसके अलावा, उन्होंने 887.92 लाख की धनराशि से निर्मित विकासखंड पोखड़ा के 03 किमी दमदेवल मोटर मार्ग के डाडाखिल से ग्राम कुई तक ग्रामीण मोटर मार्ग निर्माण कार्य स्टेज 1 और 212.35 लाख की धनराशि से निर्मित हुए चौबट्टाखाल-कुई दांता मोटर मार्ग से उलखेत तोक के अनुसूचित जाति मजगांव तक ग्रामीण मोटर मार्ग निर्माण का भी लोकार्पण करने के साथ ही अपने विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल को लोक निर्माण विभाग की 08, पंचायती राज विभाग की 06, लघु डाल खंड श्रीनगर की 02, ग्रामीण निर्माण विभाग की 02 योजनाओं सहित 26 करोड़ की कुल 18 योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने बताया कि पाबौ, एकेश्वर, बीरोंखाल एवं पोखड़ा विकासखंड में पीएमजीएसवाई स्टेज-4 के अन्तर्गत 10480.49 लाख की लागत के कुल 11 मोटर मार्गों की भी स्वीकृति प्राप्त हो गयी है। जल्दी ही आगे की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान राजकीय महाविद्यालय वेदीखाल में निर्माणाधीन बालिका छात्रावास और विद्यालय भवन की मरम्मत का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अनिल सिंह गर्ब्याल, एसडीएम रेखा आर्य, एडीपीआरओ प्रदीप सुंदरियाल, लोक निर्माण विभाग एवं पंचायत विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

## ईरान से लौटे भारतीय, दिल्ली एयरपोर्ट पर फूट-फूटकर रोए, कहा- वहां इंटरनेट नहीं, हालात बदतर

**नई दिल्ली।** ईरान में हिंसा के बीच वहां फंसे कई भारतीय नागरिक शुक्रवार देर रात दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे। इनमें ज्यादातर स्टूडेंट्स हैं। इनमें कुछ भारत सरकार के पहल से भारत लौटे, तो कुछ निजी फ्लाइट्स से अपने खर्च पर वापस आए। दिल्ली एयरपोर्ट पर अपने परिवार से गले लगकर कई भारतीय नागरिक फूट-फूटकर रोने लगे। उन्होंने बताया कि हिंसा के दौरान वे किस परिस्थितियों में ईरान में फंसे थे। ईरान से लौटे जम्मू-कश्मीर के एक युवक ने कहा- वहां हालात बहुत खराब हैं। खतरनाक विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। ईरान से लौटी मेडिकल स्टूडेंट अर्श दहरा ने बताया कि भारतीय दूतावास ने उनसे संपर्क किया था, लेकिन वह एक निजी फ्लाइट से खुद दिल्ली आई हैं। एक अन्य युवक ने कहा- हम वहां एक महीने तक फंसे रहे।एक-दो हफ्तों से ज्यादा परेशानी होने लगी। घर से बाहर निकलते, तो प्रदर्शनकारी गाड़ी के सामने आ जाते थे। ईरान में वहां की करेंसी 'रियाल' के ऐतिहासिक रूप से नीचे गिरने और महंगाई के विरोध में 28 दिसंबर 2025 में प्रदर्शन शुरू हुए थे। देश के सभी 31 प्रांतों में हिंसा फैल गई है। इसमें 3 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। ज्यादातर लोग गोली लगने से मारे गए हैं। ईरान ने 14 जनवरी को अपना एयरस्पेस अस्थायी रूप से बंद कर दिया था। इसके बाद तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने वहां मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द से ईरान छोड़ने की सलाह दी थी। ईरान ने 15 जनवरी अपना एयरस्पेस खोला, जिसके बाद कई भारतीय अपने देश लौटे। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा- हमारे लगभग 9,000 नागरिक इस समय ईरान में रह रहे हैं। इनमें से अधिकांश छात्र हैं। वहां के हालिया घटनाक्रमों के मद्देनजर हमने भारतीय नागरिकों को वहां उपलब्ध साधनों से देश छोड़ने की सलाह दी है।




## कश्मीर-हिमाचल में बर्फबारी, यूपी के 53 शहरों में घना कोहरा

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** कश्मीर से हिमाचल प्रदेश तक ऊंचाई वाले इलाकों में शुक्रवार को बर्फबारी हुई। जिससे दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड समेत 12 राज्यों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। यूपी के 53 शहरों में घना कोहरा छाया है। इसकी वजह से 10 जिलों में 35 गाड़ियां टकरा गईं। हादसों में 2 लोगों की मौत हुई और 50 से ज्यादा लोग घायल हुए। वंदे भारत समेत 100 से ज्यादा ट्रेनें लेट चल रही हैं। वहीं सर्दी के चलते नोएडा, ग्रेटर नोएडा, सहारनपुर, बदायूं और संभल में 8वीं तक के स्कूल बंद हैं। अमृतसर में भी सुबह 7 बजे तक कोहरे के कारण दृश्यता जीरो रही। दिल्ली में भी घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी 20 मीटर से भी कम हो गई। इधर, मध्य प्रदेश के मंदसौर में पारा 2.5°C, हरियाणा के भिवानी में 1.5°C और पंजाब में नवांशहर का तापमान 0.9°C रिकॉर्ड किया गया। वहीं उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में नदी नाले जम चुके हैं। कई जगह पाइपलाइनों में पानी जम गया है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 1.5°C दर्ज किया गया, जबकि पुलवामा में यह माइनस 4.6°C तक गिर गया।



## गणतंत्र दिवस से पहले आतंकियों के निशाने पर दिल्ली



**नई दिल्ली।** भारत की इंटेलिजेंस एजेंसियों ने गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली में आतंकी हमले को लेकर अलर्ट जारी किया है। न्यूज एजेंसी ANI के अनुसार, इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि प्रतिबंधित खालिस्तानी और बांग्लादेश के आतंकी संगठन दिल्ली समेत देश के कई शहरों को निशाना बनाने की कोशिश कर सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि पंजाब के कुछ गैंगस्टर विदेश से संचालित खालिस्तानी और कट्टरपंथी हैंडलरों के लिए 'फुट सोल्जर' की भूमिका निभा रहे हैं। ये हैंडलर अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने और भारत की आंतरिक सुरक्षा को बाधित करने के लिए क्रिमिनल नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे हैं। अलर्ट के मुताबिक, ये गैंगस्टर हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में एक्टिव हैं और धीरे-धीरे खालिस्तानी आतंकी संगठनों से संपर्क बढ़ा रहे हैं। दिल्ली में 10 नवंबर, 2025 को लाल किला के पास एक कार में आत्मघाती आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 15 लोगों की मौत हुई थी। इधर, 26 जनवरी को दिल्ली में इंडिया गेट के सामने कर्तव्य पथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड से पहले नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में मॉक ड्रिल की। इससे पहले रेड फोर्ट, ISBT कश्मीरी गेट, चांदनी चौक, मेट्रो स्टेशनों पर भी मॉक ड्रिल की गईं। इनका उद्देश्य आतंक हमलों को रोकने की तैयारियों की जांच और संबंधित एजेंसियों, आम लोगों को सतर्क करना था। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ पर कम से कम 30 झांकियां निकलेंगी। ये झांकियां 'स्वतंत्रता का मंत्र-वंदे मातरम्' और 'समृद्धि का मंत्र-आत्मनिर्भर भारत' थीम पर आधारित होंगी।

## गोवा में दो रूसी महिलाओं की हत्या

**पणजी।** गोवा में दो रूसी महिलाओं की हत्या का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दोनों शव शुक्रवार को बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों की हत्या के आरोप में 37 साल के रूसी नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान एलेक्सी लियोनोव के रूप में की गई है। वहीं, मृतक महिलाओं का नाम एलेना कस्थानोवा (37) और एलिना वानीवा (37) था। गोवा पुलिस के मुताबिक, दोनों महिलाओं की हत्या एक ही पैटर्न में की गई। दोनों का चाकू से गला रेता गया था। हाथ बॉडी के पीछे की तरफ रस्सी से बंधे थे। मामला तब सामने आया, जब गुरुवार रात गोवा के अरंबोल में किराए के मकान से आरोपी की लिव-इन पार्टनर एलेना कस्थानोवा का शव बरामद हुआ। मकान मालकिन की शिकायत के मुताबिक, घटना रात 11 बजे के बाद हुई। पुलिस एक मर्डर की जांच ही कर रही थी कि घटनास्थल से 8 किलोमीटर दूर, मोरजिम इलाके में एक और रूसी महिला, वानीवा की हत्या की जानकारी मिली। जांच में पता चला कि वानीवा आरोपी और कस्थानोवा, दोनों की दोस्त थी। पुलिस को मिले बयान के अनुसार, कस्थानोवा और आरोपी किराए पर कमरा लेकर करीब एक महीने से रह रहे थे। 14 जनवरी को कपल का झगड़ा हुआ था। कस्थानोवा ने पड़ोस में रहने वाली एक रूसी महिला से बीच-बचाव करने को कहा, लेकिन उसने मना कर दिया। पड़ोसी महिला ने पुलिस को बताया कि उसने बाद में कस्थानोवा की चीखें सुनीं। जब वह कमरे तक पहुंची, तब तक लियोनोव पहली मंजिल की बालकनी से कूदकर फरार हो चुका था। इसके बाद वह 15 जनवरी की शाम करीब आठ किलोमीटर दूर मोरजिम गांव गया और वनीवा की हत्या कर दी। आरोपी ने दोनों महिलाओं की हत्या क्यों की, इसका पता लगाया जा रहा है। पुलिस लियोनोव के बैकग्राउंड और संभावित आपराधिक संबंधों की भी जांच कर रही है। वहीं, रूसी पर्यटकों की आवाजाही वाले इलाकों में रह रहे स्थानीय लोगों में इस घटना से चिंता का माहौल है।



# दावा-ईरान ने 5000 लड़ाकों की मदद से प्रदर्शन को कुचला

**एजेंसी, तेहरान**

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने देश में चल रहे विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए 5,000 इराकी शिया लड़ाकों का सहारा लिया। CNN के मुताबिक यही वजह है कि प्रदर्शनकारियों की मौतों की संख्या अचानक बढ़ी और जिसके बाद प्रदर्शन शांत होने लगे। रिपोर्ट के मुताबिक, खामेनेई ने इनका इस्तेमाल तब किया, जब ईरानी सेना ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाने से मना कर दिया था। इसके बाद खामेनेई ने ईराकी शिया लड़ाकों की मदद ली। इन्हें धार्मिक यात्रा की आड़ में इराक से ईरान बुलाया गया। इन लड़ाकों में से कुछ का संबंध हिजबुल्लाह से भी था। इन्होंने खामेनेई के आदेश पर प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं जिसके बाद मौतों का आंकड़ा करीब 3,500 पहुंच गया।

**बॉर्डर के रास्ते ईरान आए कट्टरपंथी संगठनों के लड़ाके:** CNN के मुताबिक, पहले सिर्फ 800-850 लड़ाकों के ईरान आने की जानकारी सामने आई थी, लेकिन 16 जनवरी को आई रिपोर्ट के मुताबिक ये आंकड़ा 5 हजार से ज्यादा बताया गया। इन्हें दक्षिणी बॉर्डर के पास मौजूद इराकी राज्य मेसान और वासित से ईरान लाया गया। एक यूरोपीय मिलिट्री सोर्स ने भी इसकी पुष्टि की है कि करीब 800 शिया लड़ाके दियाला, मायसान और बसरा प्रांतों से ईरान पहुंचे। CNN ने इस मामले पर इराक सरकार और लंदन स्थित ईरानी दूतावास से रिएक्शन मांगा, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। एक एक्सपर्ट ने कहा कि प्रदर्शनों का दबाने के लिए विदेशी मिलिटेंट ग्रुप्स का सहारा लेना खामेनेई की एक सोची-समझी रणनीति है, जिससे प्रदर्शनकारियों और विदेशी लड़ाकों में बीच किसी तरह के सहानुभूति न पनप पाए, ताकि सख्ती से कदम उठाए जा सकें।



♦ धार्मिक यात्रा के बहाने इराक से बुलाया, सेना ने गोली चलाने से इनकार कर दिया था

**ईरान के लिए काम करते हैं इराकी लड़ाके:** ये लड़ाके उन सशस्त्र संगठनों से जुड़े हैं जिन्हें सीधे तौर पर तेहरान का वफादार माना जाता है। इनमें कताइब हिजबुल्लाह, हरकत हिजबुल्लाह, अल-नुजाबा, कताइब सैयद अल-शुहादा और बद्र संगठन शामिल हैं। ये सभी सशस्त्र समूह इराक के एक छत्र संगठन पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज के तहत काम करते हैं, जिसे इराक में सरकारी समर्थन प्राप्त पारामिलिट्री फोर्स माना जाता है। इन्हें ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने ट्रेनिंग, हथियार और पैसा देकर खड़ा किया है। इसलिए इनकी असली निष्ठा इराकी सरकार से ज्यादा ईरान की सत्ता के साथ है। इराकी गृह मंत्रालय से जुड़े एक अधिकारी अली डी. ने न्यूज एजेंसी मीडिया लेन को ईरान-इराक बॉर्डर पर बढ़ रही आवाजाही के बारे में बताया था। अली के मुताबिक, 11 जनवरी को 60 से ज्यादा 50 सीटर बसों में भरकर शिया तीर्थयात्री ईरान की ओर रवाना हुए। अली ने बताया कि बसों में सिर्फ आदमी थे, न परिवार थे और नही कोई वृद्ध। सभी ने एक जैसी काली टीशर्ट पहनी हुई थी। CNN के मुताबिक, जिस दिन ये बसें ईरान पहुंची, तब तक ईरान के सभी 31 राज्यों तक सरकार विरोधी प्रदर्शन फैल चुके थे।

# अमेरिकी कॉमेडियन ने ट्रम्प का मजाक उड़ाया

**एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी**

अमेरिकी लेट-नाइट होस्ट और कॉमेडियन जिमी किमेल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का मजाक उड़ाते हुए एक ऑफर दिया है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प को अवॉर्ड्स बहुत पसंद हैं, इसलिए अगर ट्रम्प मिनियापोलिस से ICE (अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट) के एजेंट्स को हटा लें और उन्हें वापस बॉर्डर पर भेज दें, तो वह ट्रम्प को अपने अवॉर्ड्स दे देंगे। यह मजाक जिमी किमेल लाइव शो के गुरुवार रात के एपिसोड में आया। किमेल ने ट्रम्प को अपना 1999 का डेटाइम एमी अवॉर्ड, क्लियो अवॉर्ड, वेबी अवॉर्ड, राइटर्स गिल्ड अवॉर्ड और यहां तक कि 2015 का सोल ट्रेन अवॉर्ड व्हाइट पर्सन ऑफ द ईयर देने की पेशकश की। किमेल ने कहा कि 'इस वक्त एक अच्छा राष्ट्रपति हालात को शांत करने का रास्ता खोजता, लेकिन हमारे डोनाल्ड ऐसे नहीं हैं। वह जहां जाते हैं, वहां का तापमान बढ़ा देते हैं।' ट्रम्प ने अमेरिका के मिनेसोटा में सेना तैनात करने की धमकी दी थी। यहां अप्रवासियों की गिरफ्तारी के बाद हिंसा भड़क गई थी।



❑ कहा- अप्रवासियों की गिरफ्तारी रोके अपने अवॉर्ड दूंगा, व्हाइट हाउस बोला- अपने पास रखो, नौकरी जाने पर गिरवी रखना

जिमी किमेल के इस ऑफर पर व्हाइट हाउस ने भी प्रतिक्रिया दी है। व्हाइट हाउस के कम्युनिकेशन डायरेक्टर स्टीवन चेउंग ने शुक्रवार को X पर लिखा, 'जिमी को ये अवॉर्ड अपने पास ही रखने चाहिए, ताकि जब खराब रेटिंग्स की वजह से उन्हें नौकरी से निकाल दिया जाए, तो वे इन्हें गिरवी रख सकें।' यह व्यंग्य ऐसे समय आया जब वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना माचाडो ने व्हाइट हाउस में ट्रम्प को अपना नोबेल पीस प्राइज मेडल भेंट किया। ट्रम्प ने महीनों से नोबेल प्राइज न मिलने की शिकायत की थी।

# महाराष्ट्र-29 नगर निगमों में 17 पर अकेले बीजेपी का कब्जा

**एजेंसी, मुंबई**

महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव में बीजेपी ने एकतरफा जीत दर्ज की। कुल 29 नगर निगमों में से 17 पर अकेले भाजपा का कब्जा हो गया है। यानी इन निगमों में मेयर बनाने जा रही है। वहीं, उसके नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने 8 निगमों में जीत हासिल की। इस तरह भाजपा गठबंधन को 25 नगर निगमों में जीत दर्ज हुई है। भाजपा-शिवसेना (शिंदे) के गठबंधन ने उद्धव ठाकरे से BMC छीनकर, उनका तीन दशक पुराना दबदबा खत्म कर दिया है। बीएमसी में भाजपा 89 जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी है।

राज्य चुनाव आयोग की तरफ से घोषित फाइनल रिजल्ट के मुताबिक BJP+ ने 29 नगर निगमों में 2,869 सीटों में से 1,425 सीटें जीती हैं। शिवसेना ने 399, कांग्रेस ने 324, NCP ने 167, शिवसेना (UBT) ने 155, NCP (SP) ने 36, MNS ने 13, BSP ने 6, SEC में रजिस्टर्ड पार्टियों ने 129, गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियों ने 196 और 19 सीटें निर्दलीयों ने जीतीं।



❑ राउत बोले- शिंदे जयचंद नहीं बनते तो मुंबई में कभी बीजेपी का मेयर नहीं बनता

महाराष्ट्र चुनाव में मिली हार के UBT के संजय राऊत ने एकनाथ शिंदे को शिवसेना का जयचंद बताया। उन्होंने X पर लिखा- अगर एकनाथ शिंदे शिवसेना के जयचंद नहीं बनते, तो BJP को मुंबई में कभी मेयर नहीं मिलता। मराठी लोग शिंदे को जयचंद के रूप में याद रखेंगे।

# ग्रीनलैंड पर कब्जे का विरोध किया तो टैरिफ लगाएंगे ट्रम्प, दुनियाभर के देशों को धमकी दी

**एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने को लेकर खुली धमकी दी है। BBC के मुताबिक, उन्होंने कहा कि अगर किसी देश ने ग्रीनलैंड पर कब्जे वाले प्लान में उनका साथ नहीं दिया तो वे उन देशों पर टैरिफ लगाएंगे। ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान यह बयान दिया। हालांकि, उन्होंने साफ नहीं किया कि किन देशों पर टैरिफ लगाया जाएगा और इसके लिए वह किस कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

दूसरी ओर कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने शुक्रवार को कहा कि ग्रीनलैंड के मालिकाना हक का फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नहीं है। NATO देश होने के नाते ग्रीनलैंड के तरफ हमारी जिम्मेदारी बरकरार है। उन्होंने कहा,



"ग्रीनलैंड का भविष्य ग्रीनलैंड और डेनमार्क के लोगों का फैसला है।" कार्नी ने नाटो सहयोगियों, खासकर अमेरिका से कहा कि वे अपने वादों का सम्मान करें।

**ट्रम्प बोले- गोल्डन डोम प्रोजेक्ट के लिए ग्रीनलैंड जरूरी:** ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए भी अहम बताया है। गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल डिफेंस प्रोजेक्ट है। यह इजराइल के आयरन डोम से प्रेरित है। गोल्डन डोम का मकसद चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले

❑ कनाडाई पीएम बोले- हर हाल में ग्रीनलैंड के साथ

खतरे से अमेरिका को बचाना है। ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका ग्रीनलैंड को लेकर NATO से भी बातचीत कर रहा है। ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि NATO को अमेरिका का साथ देना चाहिए। अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कंट्रोल नहीं किया, तो रूस या चीन वहां अपना असर बढ़ा सकते हैं, जो किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**अमेरिकी संसद की टीम ग्रीनलैंड पहुंची:** ट्रम्प के बयान के वक्त अमेरिकी संसद का एक द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल ग्रीनलैंड के दौरे पर था। इस 11 सदस्यीय टीम का नेतृत्व डेमोक्रेट सीनेटर क्रिस कून्स कर रहे हैं। इसमें रिपब्लिकन सीनेटर थॉम टिलिस और लिसा मर्कोव्स्की भी शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीनलैंड के सांसदों के अलावा डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नीलसन से मुलाकात की।

टीम का मकसद स्थानीय लोगों की बात सुनना और वॉशिंगटन में तनाव कम करना है। सीनेटर कून्स ने कहा, 'हम ग्रीनलैंड के लोगों की सुन रहे हैं और उनकी राय लेकर वापस जाएंगे, ताकि स्थिति शांत हो।' ग्रीनलैंड की सांसद आजा चेमनित्ज ने कहा, 'हमें दोस्तों और सहयोगियों की जरूरत है। अमेरिका 2019 से दबाव बना रहा है। यह एक लंबी दौड़ है, जो अभी खत्म नहीं हुई। जितना ज्यादा समर्थन मिले, उतना अच्छा।" उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मुलाकात फायदेमंद साबित होगी।

# बंगाल के मुर्शिदाबाद में तनाव, 30 लोग गिरफ्तार

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में शनिवार को दूसरे दिन भी हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने NH-12 और रेलवे ट्रैक को फिर से जाम कर दिया है। स्थिति नियंत्रित करने के लिए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। यह विरोध बिहार में एक प्रवासी मजदूर पर हमले के बाद भड़का है। इससे एक दिन पहले झारखंड में प्रवासी मजदूर की मौत को लेकर बेलडांगा में हिंसक प्रदर्शन हुआ था, जिससे सड़क और रेल रूट घंटों ठप रहा था। एडिशनल एसपी ने बताया कि अब तक 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीएम ममता बनर्जी ने शुक्रवार को शांति बनाए रखने की अपील की थी। इधर भाजपा सांसद और प्रवक्ता संबित पात्रा ने शनिवार को कहा कि ट्रेनों को जलाया जा रहा है। ममता बनर्जी इसे अल्पसंख्यकों का गुस्सा बताकर सही ठहरा रही हैं।

**रेलवे गेट तोड़ा, कृष्णनगर-लालगोला रूट बंद:** शनिवार सुबह प्रदर्शनकारियों ने बेलडांगा स्टेशन के पास रेल गेट में तोड़फोड़ की और रेलवे सिग्नल को नुकसान पहुंचाया। इसके चलते कृष्णनगर और लालगोला के बीच ट्रेन बंद कर दी गईं। पुलिस के अनुसार, सैकड़ों स्थानीय लोग बेलडांगा के बरुआ मोड़ पर NH-12 पर जमा हो गए। इससे हाईवे पर लंबा जाम लग गया और कई वाहन फंस गए। पूर्व रेलवे के जनरल मैनेजर मिलिंद के. देउस्कर ने बताया कि हालात को देखते हुए इलाके में अतिरिक्त RPF और RPSF बल तैनात किए जा रहे हैं। नए सिरे से तनाव की खबर के बाद बेलडांगा में पुलिस की तैनाती और बढ़ा दी गई है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि मुर्शिदाबाद के मजदूर अनीसुर शेख के साथ बिहार में मारपीट की गई। इस घटना से शुक्रवार की हिंसा के बाद शांत हुआ गुस्सा फिर भड़क उठा। स्थानीय लोगों के मुताबिक,



♦ प्रदर्शनकारियों ने रेलवे गेट तोड़ा, हाइवे जाम, बिहार में प्रवासी मजदूर पर हमले के बाद हंगामा

घायल मजदूर अनीसुर शेख शुक्रवार देर रात किसी तरह मुर्शिदाबाद पहुंचा। उसकी हालत गंभीर थी। उसे मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्थानीय विधायक हुमायूं कबीर मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत की। अधिकारियों ने कहा कि हालात सामान्य करने और हिंसा को फैलने से रोकने की कोशिश की जा रही है। बेलडांगा में हिंसा की शुरुआत शुक्रवार सुबह हुई थी। मुर्शिदाबाद के अलाउद्दीन शेख (30), झारखंड में फेरीवाले का काम करता था। गुरुवार सुबह उसके गांव में मौत की खबर पहुंची। बताया गया कि उसका शव घर में फांसी के फंदे से लटका मिला। परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि अलाउद्दीन की पिटाई कर हत्या की गई, इसके बाद शव को लटका दिया गया। शुक्रवार को जब शव गांव पहुंचा, तो गुस्साए लोगों ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग को लेकर सड़क और रेल मार्ग जाम कर दिया।

# अरुणाचल में जमी हुई झील में फिसलकर दो युवक डूबे

**एजेंसी, ईटानगर**

अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले में स्थित सेला लेक में शुक्रवार को केरल के दो युवक डूब गए। एक पर्यटक का शव शुक्रवार को ही बरामद कर लिया गया, जबकि दूसरे का शव शनिवार को बरामद हुआ। पानी के भीतर कम विजिबिलिटी के कारण गोताखोरों को शव ढूंढने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस अधीक्षक (SP) डी.डब्ल्यू. थोंगोन ने बताया कि मृतकों की पहचान दिनु (26) और महादेव (24) के रूप में हुई है। दोनों सात लोगों के टूरिस्ट ग्रुप का हिस्सा थे, जो असम गुवाहाटी के रास्ते अरुणाचल के तवांग में घूमने पहुंचा था।

घटना कल दोपहर में हुई, जब युवकों का ग्रुप जमी हुई झील के ऊपर मौज-मस्ती कर रहा था। इसी दौरान बर्फ की परत टूट गई और एक युवक पानी में गिर गया। उसे बचाने के लिए दिनु और महादेव झील में उतरे। जो युवक पहले गिर था, वह सुरक्षित बाहर आ गया, लेकिन दिनु और महादेव बर्फीले पानी में बह गए। SP थोंगोन ने बताया कि प्रशासन को करीब 3 बजे सूचना मिली, जिसके बाद जिला पुलिस, आर्मी, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (SDRF) और ITBP की संयुक्त टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।




♦ दोनों केरल के थे; लेक के ऊपर बर्फ की परत टूटने से हादसा

# गणतंत्र दिवस की थीम वंदेमातरम्, परेड में निकलेंगी 30 झांकियां

**एजेंसी, नई दिल्ली**

26 जनवरी को भारत 77वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है। इस बार मुख्य परेड की थीम वंदेमातरम् पर रखी गई है। परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर 30 झांकियां निकलेंगी, जो 'स्वतंत्रता का मंत्र-वंदे मातरम, समृद्धि का मंत्र-आत्मनिर्भर भारत' थीम पर आधारित होंगी। कर्तव्य पथ पर एनक्लोजर के बैकग्राउंड में वंदेमातरम् की लाइन्स वाली पुरानी पेंटिंग बनाई जाएगी। मेन स्टेज पर फूलों से वंदे मातरम् के रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

इस बार गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन होंगे। परेड में पहली बार बैक्ट्रियन ऊंट, नई बटालियन भैरव भी मार्च पास्ट करेगी। हालांकि इस बार के फ्लाईपास्ट में राफेल, Su-30, अपाचे जैसे 29 विमान शामिल होंगे। हालांकि इस बार तेजस को नहीं रखा गया है।



डिफेंस सेक्रेटरी आर के सिंह से तेजस के परेड में न होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि सेना के कुछ बेहतरीन प्लेटफॉर्म दिखाए जा रहे हैं। कुछ शामिल किए गए हैं जबकि कुछ नहीं, लेकिन कोई खास वजह नहीं है। निमंत्रण पत्रों पर वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ का लोगो होगा। परेड खत्म होने पर वंदे मातरम की थीम वाले बैनर के साथ गुब्बारों को हवा में छोड़ा जाएगा। पारंपरिक प्रथा से हटकर, परेड स्थल पर एनक्लोजर के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले VVIP और अन्य लेबल का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

# 'मेक्सिको के ऊपर उड़ते समय सावधान रहे'

**एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी**

अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (FAA) ने शुक्रवार को अपनी एयरलाइंस के लिए चेतावनी जारी की। इसमें कहा गया है कि वे मेक्सिको, मध्य अमेरिका और दक्षिण अमेरिका के कुछ हिस्सों के ऊपर उड़ान भरते समय सतर्क रहें। यह चेतावनी संभावित सैन्य गतिविधियों और जीपीएस सिग्नल में रुकावट के खतरे के कारण दी गई है। FAA ने मेक्सिको, मध्य अमेरिकी देशों, इक्वाडोर, कोलंबिया और पूर्वी प्रशांत महासागर के कुछ हवाई क्षेत्रों के लिए नोटिस टू एयरमेन (NOTAM) जारी किए हैं। ये चेतावनियां 16 जनवरी 2026 से शुरू होकर 60 दिनों तक, यानी मार्च 2027 तक प्रभावी रहेंगी।

मेक्सिको सरकार ने FAA की इस चेतावनी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह सिर्फ एक सावधानी है। इससे मेक्सिको की हवाई सीमा या वहां की एयरलाइंस पर कोई पाबंदी नहीं लगी है। यह नोटिस केवल अमेरिकी ऑपरेटरों (एयरलाइंस) पर लागू होता है और मेक्सिको में उड़ानें सामान्य रूप से जारी रहेंगी। ट्रम्प ने 8 दिसंबर को कहा था कि मेक्सिको में ड्रग कार्टेल देश चला रहे हैं और अमेरिका इनके खिलाफ जमीन पर हमले कर सकता है।



**जमीन पर मौजूद ड्रग कार्टेल को खत्म करेगा अमेरिका:** वेनेजुएला पर कार्रवाई के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 8 दिसंबर को कहा था कि उनका प्रशासन जल्द ही जमीन पर मौजूद ड्रग कार्टेल को निशाना बनाने के लिए कार्रवाई शुरू करेगा। ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में दावा किया कि मेक्सिको पर ड्रग कार्टेल का राज है। यह अमेरिका में हर साल 2.5 लाख से 3 लाख लोगों की मौत का कारण बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि समुद्र के रास्ते से ड्रग्स की तस्करी को 97% तक रोक दिया है, इसलिए अब जमीन पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि उन्होंने योजनाओं के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबॉम ने ट्रम्प के बयानों का कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने मादुरो की गिरफ्तारी के बाद कहा कि अमेरिका किसी भी क्षेत्र का मालिक नहीं है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने साफ किया कि मेक्सिको दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप को पूरी तरह खारिज करता है। ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने शीनबाम से कई बार अमेरिकी सैनिक भेजकर कार्टेल्स को खत्म करने की पेशकश की, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। शीनबाम ने ने ड्रग तस्करी रोकने में दोनों देशों के बीच चल रहे सहयोग का जिक्र किया, लेकिन अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी को सिरे से नकार दिया।

♦ 60 दिन की पाबंदी लगाई पिछले हफ्ते ड्रग कार्टेल को लेकर हमले की धमकी दी थी

# विज़न 2047 और भ्रष्टाचार-मुक्त भारत का संकल्पःआदर्श और यथार्थ के बीच खड़ा धारा 17-ए का सवाल-ईमानदारी की ढाल या भ्रष्टाचार का हथियार-एक समग्र विश्लेषण



लोकतंत्र की शान

» भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 में वर्ष 2018 में केंद्र सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण संशोधन कर धारा 17-ए जोड़ी गई हैं

» आधुनिक लोकतंत्रों में सबसे बड़ा भ्रष्टाचार संभवतःनीतिगत फैसलों टेंडर और ठेके,लाइसेंस और अनुमति,खनन,भूमि बुनियादी ढाँचा परियोजनाएँ,रक्षा और सार्वजनिक खरीद में हैं,यदि इन्हीं फैसलों को जांच से बाहर कर दिया जाए,तो भ्रष्टाचार कानून का अस्तित्व ही सीमित हो जाता है -एडवोकेट किशन षणमुख दास भवानी गोंदिया महाराष्ट्र




गोंदिया वैश्विक स्तरपर भारत जब अपनी आज़ादी के सौ वर्ष पूरे करने की ओर बढ़ रहा है, तब विज़न 2047 के तहत एक ऐसा राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है जहाँ भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता केवल नारा नहीं, बल्कि शासन का मूल चरित्र हो। लेकिन किसी भी लोकतंत्र में नीतिगत संकल्प तभी सफ़ल होते हैं, जब उन्हें लागू करने वाले कानूनी ढाँचे में विरोधाभास न हों।आज भारत में यही विरोधाभास भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17-ए के रूप में सामने खड़ा है, जो एक ओर ईमानदार अधिकारियों की सुरक्षा का दावा करती है,तो दूसरी ओर भ्रष्टाचार- मुक्त शासन के लक्ष्य को कमजोर करती प्रतीत होती है।मैं एडवोकेट किशन भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि भ्रष्टाचार किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए केवल आर्थिक नुकसान का कारण नहीं होता,बल्कि यह जनता केविश्वास संस्थाओं की साख और कानून के राज को भीतर से खोखला कर देता है। विश्व बैंक, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल और संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंच बार-बार यह रेखांकित कर चुके हैं कि भ्रष्टाचार सीधे तौर पर गरीबी, असमानता और सामाजिक अशांति को बढ़ाता है।भारत जैसे विकासशील लोकतंत्र में,जहाँ करोड़ों लोग सरकारी योजनाओं और निर्णयों पर निर्भर हैं, वहाँ भ्रष्टाचार का प्रभाव और भी विनाशकारी हो जाता है।भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 को इसी पृष्ठभूमि में बनाया गया था। इसका मूलउद्देश्य था लोकसेवकों को जवाबदेह बनाना रिश्वत,पद के दुरुपयोग और सत्ता के दुराचार को आपराधिक कृत्य घोषित करना,जनता के संसाधनों और अधिकारों की संवैधानिक रक्षा करना।इस अधिनियम की आत्मा यह मानकर चलती थी कि लोकसेवक का पद एक ट्रस्ट है, न कि विशेषाधिकार।वर्ष 2018 में केंद्र सरकार द्वारा इस अधिनियम में एक महत्वपूर्ण संशोधन किया गया, जिसके तहत धारा 17-ए जोड़ी गई। इस धारा के अनुसार, किसी भी लोकसेवक के खिलाफ उनके आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान लिए गए निर्णयों या की गई सिफारिशों के संबंध में बिना पूर्व अनुमति कोई जांच, पूछताछ या एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकती,यह अनुमति संबंधित सरकार या सक्षम प्राधिकारी द्वारा दी जानी होती है।सरकार का तर्क है कि हर दिन अधिकारी ऐसे निर्णय लेते हैं जिनका प्रभाव करोड़ों लोगों पर पड़ता है,हर निर्णय सभी को पसंद नहीं आता,यदि हर असंतुष्ट व्यक्ति एफआईआर दर्ज करा सके, तो इससे प्रशासन ठप हो जाएगा।अधिकारी भय के माहौल में काम करेंगे, जिससे विकास की गति धीमी होगी।सरकार के अनुसार, धारा 17-ए ईमानदार अधिकारियों को राजनीतिक प्रतिशोध से बचाने की एक आवश्यक ढाल है।लेकिन मूल प्रश्नः क्या सुरक्षा के नाम पर जांच पर ताला?यहीं से विवाद शुरू होता है। लोकतंत्र में जांच एजेंसियों की सबसे बड़ी ताकत उनकी स्वतंत्रता होती है। यदि जांच शुरू करने के लिए भी उसी शासन से अनुमति लेनी पड़े, जिसके खिलाफ जांच संभावित है, जिसकी नीतियों और फैसलों में भ्रष्टाचार की आशंका है,तो क्या यह व्यवस्था जांच को निष्पक्ष बना सकती है?आलोचकों का कहना है कि यह प्रावधान जांच एजेंसियों को नाममात्र की स्वतंत्रता देता है और उन्हें कार्यपालिका के अधीन कर देता है। साथियों बात कर हम नीतिगत भ्रष्टाचारःसबसे बड़ा और सबसे अदृश्य खतरा इसको समझने की करें तो भ्रष्टाचार केवल रिश्वत लेने तक सीमित नहीं है।आधुनिक लोकतंत्रों में सबसे बड़ा भ्रष्टाचार नीतिगत फैसलों में होता है, टेंडर और ठेके,लाइसेंस और अनुमति,खनन, भूमि, बुनियादी ढाँचा परियोजनाएँ,रक्षा और सार्वजनिक खरीद यदि इन्हीं फैसलों को जांच से बाहर कर दिया जाए, तो भ्रष्टाचार कानून का अस्तित्व ही निरर्थक हो जाता है।राजनीतिक संरक्षण और हितों का टकराव-धारा 17-ए का सबसे बड़ा खतरा यह है कि यह राजनीतिक संरक्षण को संस्थागत रूप दे सकती है। यदि किसी मामले में सरकार स्वयं शामिल हो,या उच्च स्तर पर मिलीभगत हो,तो अनुमति मिलने की संभावना न के बराबर रह जाती है। यह स्थिति हितों के टकराव का क्लासिक उदाहरण है। साथियों बात अगर हम सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन द्वारा दायर की गई जनहित याचिका को समझने की करें तो इसी चिंता को लेकर सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन ने इस17 ए धारा को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी हैं।याचिका में कहा गया कि यह प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता) और अनुच्छेद 21 (न्यायपूर्ण प्रक्रिया) के खिलाफ है।यह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को कमजोर करता है।जांच में देरी से साक्ष्य नष्ट हो सकते हैं,गवाह प्रभावित हो सकते हैं। भ्रष्टाचार के मामलों में समय सबसे महत्वपूर्ण तत्व होता है।जैसे-जैसे समय बीतता है,फाइलें बदली जा सकती हैं दस्तावेज गायब हो सकते हैं,डिजिटल सबूत मिटाए जा सकते हैं,गवाहों पर दबाव डाला जा सकता है।यदि जांच शुरू होने में ही महीनों लग जाएं, तो सच्चाई तक पहुँचना लगभग असंभव हो जाता है।शिकायत करने वाले के भीतर डर का माहौल पैदा किया जाता है तो ईमानदार नागरिक भी चुप हो जाता है,इस कानून का एक अप्रत्यक्ष लेकिन गहरा प्रभाव यह भी है कि,ईमानदार अधिकारी, पत्रकार,सामाजिक कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ़ शिकायत करने से पहले सौ बार सोचने लगते हैं।यह स्थिति व्हिसलब्लोअर संस्कृति को खत्म कर देती है, जो किसी भी पारदर्शी लोकतंत्र की रीढ़ होती है। साथियों बात अगर हम 13 जनवरी 2026 को सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने इस मामले में खंडित फैसला सुनाए जाने को समझने की करें तो,एक माननीय जस्टिस ने धारा 17-ए को असंवैधानिक बताते हुए इसे रद्द करने की राय दी।जबकि दूसरे माननीय जस्टिस ने इसे ईमानदार अधिकारियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक मानते हुए वैध ठहराया लेकिन लोकपाल/लोकायुक्त की भूमिका के साथ।यह विभाजन अपने आप में बताता है कि यह मुद्दा कितना जटिल और संवेदनशील है।जब सुप्रीम कोर्ट के दो न्यायाधीशों की राय अलग-अलग होती है, तो मामला चीफ जस्टिस के पास जाता है। अब यह विषय बड़ी पीठ तय करेगी किसंविधान का कौन-सा पक्ष अधिक मजबूत है,और लोकतंत्र की दीर्घकालिक ज़रूरत क्या है। साथियों बात अगर हम इन तीन संभावित रास्तों को समझने की करें तो पहला, धारा 17-ए को पूरी तरह रद्द कर दिया जाए।दूसरा, इसे संशोधित कर सीमित रूप में लागू किया जाए। तीसरा, एक नया संतुलित मॉडल विकसित किया जाए, जिसमें, जांच की स्वतंत्रता भी बनी रहे, और ईमानदार अधिकारियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। साथियों बातें अगर हम इस मामले परवैश्विक दृष्टिकोणः दुनियाँ क्या करती है इसको समझने की करें तो अमेरिका ब्रिटेन, फ्रांस और जापान जैसे देशों में लोकसेवकों के खिलाफ़ जांच के लिए कार्यपालिका की पूर्व अनुमति की शर्त नहीं होती।स्वतंत्र अभियोजन और न्यायिक निगरानी को प्राथमिकता दी जाती है।यही कारण है कि वहाँ नीतिगत भ्रष्टाचार पर भी कार्रवाई संभव हो पाती है। साथियों बात कर हम विजन 2047 और आगे का रास्ता क्या और कैसे होगा इसको समझने की करेंतो,यदि भारत वास्तव में विज़न 2047 के तहत भ्रष्टाचार- मुक्त, पारदर्शी और जवाबदेह शासन चाहता है, तो उसे धारा 17-ए जैसी लीकेजेस को बंद करना होगा,जांच एजेंसियों को वास्तविक स्वतंत्रता देनी होगी, और राजनीतिकइच्छाशक्ति को कानूनी ढांचे में बदलना होगा। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि सुरक्षा और जवाबदेही का संतुलन-ईमानदार अधिकारियों की सुरक्षा आवश्यक है, लेकिन सुरक्षा के नाम पर जांच को बंधक बनाना लोकतंत्र के लिए घातक है।भ्रष्टाचार से लड़ाई में कानून को ढाल नहीं, तलवार बनना होगा। अब निगाहें सुप्रीम कोर्ट की बड़ी पीठ पर हैं,जिसका फैसला न केवल धारा 17-ए का भविष्य तय करेगा,बल्कि यह भी बताएगा कि भारत का लोकतंत्र 2047 की ओर किस दिशा में बढ़ेगा।


**-संकलनकर्ता लेखक-**
**क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**
**9284141425**


# विकास की रफ्तार और विश्वास की पटरी-भारतीय रेल



लेखक/ विनोद कुमार सिंह

आदिशक्ति माँ काली से माँ कामाख्या तक,आधुनिक भारत की रेल-यात्रा की स्वर्णिम गाथा मालदा की धरती पर उस दिन केवल उद्घाटन और शिलान्यास का औपचारिक दृश्य नहीं रचा गया, बल्कि भविष्य की ओर बढ़ते भारत की एक सशक्त तस्वीर उकेरी गई पश्चिम बंगाल और उत्तर-पूर्वी भारत को जोड़ने वाला यह क्षण उस दृष्टि का प्रतीक बना,जिसमें संपर्क को ही समृद्धि की पहली शर्त माना गया है। भारत की विकास यात्रा में रेलवे की भूमिका सदैव केंद्रीय रही है।यह केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक गतिशीलता, आर्थिक विस्तार और राष्ट्रीय एकता की सबसे मजबूत कड़ी है।आज पं० बंगाल की ऐतिहासिक घरती मालदा से प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने 3,250 करोड़ से अधिक की रेल और सड़क अवसंरचना परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किया।जिससे यह स्पष्ट हो गया कि विकास अब केवल योजनाओं की भाषा नहीं,बल्कि धरातल पर उतरती हुई वास्तविकता है।प्रधानमंत्री द्वारा इस अवसर पर दिया गया औजस्वी उद्बोधन में महज़ घोषणाओं का संग्रह नहीं था।उसमें यह भाव स्पष्ट झलकता था कि पश्चिम बंगाल की प्रगति को अब टुकड़ों में नहीं,बल्कि समग्र दृष्टि से आगे बढ़ाया जा रहा है।नई रेल सेवाएँ,उन्नत रखरखाव सुविधाएँ और आधुनिक अवसंरचना—ये सभी प्रयास उस विश्वास को मजबूत करते हैं कि विकास का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। नई रेल सेवाओं के आरंभ से आम नागरिक की यात्रा सुगम होगी, व्यापार और वाणिज्य को गति मिलेगी तथा युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के अवसर सृजित होंगे।रेल अब केवल दूरी घटाने का माध्यम नहीं,बल्कि संभावनाओं को जोड़ने का सेतु बनती जा रही है।आज के इस पूरे कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक और प्रतीकात्मक पक्ष देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का शुभारंभ रहा।आदिशक्ति माँ काली की धरती से माँ कामाख्या की धरती तक दौड़ती यह ट्रेन केवल दो भौगोलिक बिंदुओं को नहीं जोड़ती, बल्कि आस्था, संस्कृति और आधुनिकता को एक सूत्र में पिरोती है।जो भारतीय रेल के इतिहास में एक नया अध्याय है,जहाँ तकनीक और परंपरा एक साथ यात्रा कर रही हैं। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन लंबी दूरी की यात्रा की परिभाषा बदलने जा रही है।आराम,सुरक्षा और आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह ट्रेन उस भारत की झलक देती है,जो विकसित राष्ट्र के रूप में अपने परिवहन मानकों को नए स्तर पर ले जा रहा है। प्रधानमंत्री के उद्बोधन में यह भाव उभरकर सामने आया कि आज का भारत अब दूसरों की ओर देखकर आकांक्षा नहीं करता,बल्कि स्वयं उदाहरण गढ़ रहा है।कभी विदेशी ट्रेनों की तस्वीरें देखकर मन में उठने वाली चाह अब आत्मविश्वास में बदल चुकी है। 'मेक इन इंडिया' की भावना से निर्मित वंदे भारत ट्रेनें इस आत्मनिर्भरता का ठोस प्रमाण हैं। विदेशी पर्यटकों द्वारा भारतीय रेल के बदलते स्वरूप को कैमरे में कैद किया जाना इस परिवर्तन की वैश्विक स्वीकार्यता को दर्शाता है। भारतीय रेल आज व्यापक परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। विद्युतीकरण,स्टेशन पुनर्विकास,तेज़ रफ्तार ट्रेनों का विस्तार और आधुनिक तकनीक का समावेश—ये सभी प्रयास रेल को अधिक सुरक्षित, स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल बना रहे हैं।देशभर में 150 से अधिक वंदे भारत ट्रेनों का संचालन इस बदलाव की ठोस तस्वीर प्रस्तुत करता है। इसी क्रम में पश्चिम बंगाल को मिली चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें—न्यू जलपाईगुड़ी–नागरकोइल, न्यू जलपाईगुड़ी–तिरुच्चिरापल्ली, अलीपुरद्वार–बेंगलुरु और अलीपुरद्वार–मुंबई—उत्तर बंगाल की कनेक्टिविटी को ऐतिहासिक मजबूती देंगी। ये ट्रेनें केवल यात्रियों को नहीं, बल्कि संभावनाओं को दक्षिण और पश्चिम भारत तक पहुँचाएँगी।गंगासागर, दक्षिणेश्वर और कालीघाट जैसे तीर्थस्थलों की यात्रा अब और सहज होगी,वहीं तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे राज्यों से संपर्क मजबूत होने से व्यापार, शिक्षा और रोजगार के नए द्वार खुलेंगे।यह संपर्क ही वह आधार है, जिस पर आर्थिक विकास की स्थायी इमारत खड़ी होती है। मोदी के उद्बोधन में यह बात विशेष रूप से रेखांकित हुई कि भारतीय रेल अब केवल आधुनिक नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भी बन चुकी है। आज भारत अमेरिका और यूरोप से अधिक लोकोमोटिव का निर्माण कर रहा है और यात्री ट्रेन व मेट्रो कोच अनेक देशों को निर्यात कर रहा है।

# एलटीजी में "घुघुती और काव" नामक एक प्रभावशाली नाटक का मंचन हुआ, दर्शक अंत तक अपनी सीटों पर बैठे रहे

» कुछ प्रख्यात हस्तियों को कलश कलश्री सम्मान से भी सम्मानित किया गया

लोकतंत्र की शान




उत्तराखंड के लोकप्रिय उत्तरायिणी उत्सव पर आधारित कुमाऊँनी बोली में एक आकर्षक और सटीक नाटक का मंचन 16 जनवरी को एलटीजी थिएटर में किया गया। इसने अपने मनमोहक संगीतमय पारंपरिक नृत्यों, उत्कृष्ट कथानक, रंगीन पारंपरिक परिधानों, मधुर गीतों और उत्तम प्रकाश व्यवस्था से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। "घुघुती और काव" शीर्षक वाला यह नाटक कलाह कलाश्री (पंजीकृत) के तत्वावधान में प्रस्तुत किया गया था, जो एक प्रमुख रंगमंच कार्यकर्ता और उत्तराखंडी अभिनेता खेमानंद पांडे उर्फ खेमदा के नेतृत्व में संचालित एक सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन है। यह संगठन शारीरिक, दृष्टिबाधित और मानसिक रूप से अक्षम लोगों की आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक सहायता के लिए प्रतिबद्ध है और पिछले कई वर्षों से परोपकार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इसके अतिरिक्त, कलाश कलाश्री के अन्य सामाजिक-स्वास्थ्य संबंधी योगदानों में उत्तराखंड के दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करना शामिल है, जहाँ अंतर्देशीय गांवों में रहने वाले रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा उपचार, दवाइयाँ और सहायता प्रदान की जाती है। यह संस्था प्रतिवर्ष पत्रकारिता, कला, संस्कृति और रंगमंच जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट व्यक्तित्वों और उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित करती है, साथ ही उन युवा कलाकारों को एक विश्वसनीय मंच प्रदान करती है जो उपयुक्त कलात्मक मंचों की अनुपलब्धता के कारण अपनी कलात्मक प्रतिभाओं को निखारने के अवसरों से वंचित हैं। संक्षेप में, सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन कलाश कलाश्री उत्तराखंड की स्थानीय बोलियों और समृद्ध परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत और धरोहर को बढ़ावा देने और संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका श्रेय इसके अध्यक्ष खेमानंद पांडे उर्फ खेमदा और पूरी समर्पित टीम को जाता है। 16 जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी और उत्तराखंड में विभिन्न क्षेत्रों से उत्तराखंड के कई विशिष्ट व्यक्तित्वों को उनके उत्कृष्ट योगदानों के लिए कलाश्री सम्मान से सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाने वालों में हयात सिंह रावत शामिल थे, जिन्होंने कई पुस्तकों और साहित्य के लेखन में उत्कृष्ट योगदान दिया। सुनील नेगी, यूकेनेशन न्यूज़ के संपादक, जिन्होंने पिछले 45 वर्षों से पत्रकारिता में सक्रिय भूमिका निभाई है, पूरन भट्ट, जिन्हें सामाजिक सेवा के लिए सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। गीता गुसैन नेगी, उत्तराखंड की प्रख्यात फिल्म अभिनेत्री और थिएटर कार्यकर्ता, नेहा अग्री, प्रसिद्ध गायिका और दृष्टिबाधित (अत्यंत प्रतिभाशाली गायिका) और संजय गर्ग, दिल्ली स्थित गढ़वाली, कुमाऊनी और जौनसारी अकादमी के सचिव, भी पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। रुचिकर नाटक "घुघुती और काव" ने डेढ़ घंटे तक दर्शकों को अपनी सीटों पर बांधे रखा। सभी ने कलाकारों के प्रदर्शन, मनमोहक पृष्ठभूमि संगीत और रोचक लोककथाओं की सराहना की। नाटक का निर्देशन अखिलेश भट्ट ने किया था। इस अवसर पर कश्मीर कलाश्री सम्मान की स्मृति चिन्ह का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर पूरन चंद कामकपाल, संजय जोशी, सुशीला रावत, खेमानंद उर्फ खेमदा, खुशाल सिंह रावत, हेमा पंत, चारू तिवारी, मनोज चंदोला, सुनील नेगी, दिनेश फालुरा, चंद्र मोहन पपनाई और वरिष्ठ आईआरएस चंद्र भल्लाभजी जैसे प्रख्यात व्यक्तियों ने इसे जारी किया। कार्यक्रम का शुभारंभ इन्हीं प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

# श्री शेर अली अफ़रीदी



डॉ.जया शुक्ला

श्री शेर अली अफ़रीदी एक ऐसा नाम है, जो जाना नहीँ गया, कि नितु उनका काम इतिहास की सबसे बुलन्द आवाज़ों मेँ से एक है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम मेँ क्रान्तिकारी संगठन एकाधिक थे, यथा अनुशीलन समिति, ग़दर पार्टी, चन्द्रशेखर आज़ाद जी की एच.एस.आर.ए., आदि। श्री अफ़रीदी उनमेँ से एक भी संगठन के सदस्य नहीँ थे। बल्कि उन्होँने ब्रिटिश पुलिस की नौकरी भी की थी। किन्तु जब उन्होँने उस समय की, साम्राज्यवादी विदेशी शासकोँ के हाथोँ, देश की दुर्दशा को देख, तो उन साधनहीन और अकेले वीर ने क्रान्ति की ऐसी ज्वाला भड़का दी, कि ब्रिटिश सरकार थर्रा गई। समय उन्नीसवीँ सदी का उत्तरार्ध था। श्री अफ़रीदी ख़ैबर के रहने वाले थे, और उस समय ततक ब्रिटिश पुलिस की नौकरी से बाहर आ चुके थे। एक पारिवारिक झगड़े मेँ उन्हेँ सज़ा होगई। अंग्रेज़ तब छोटी ग़ल्तियोँ पर भी भारतीयोँ को कड़ी से कड़ी सज़ा देते थे। अतः श्री अफ़रीदी सीधे कालेपानी ( अंडमान ) भेज दिये गए। देश की हालत देख कर तो हर भारतीय के समान वह भी दुखी थे। सन् 1857 का संग्राम बीते अधिक समव नहीँ हुआ था, और थोड़ी बहुत चिंगारी हर दिलमेँ ज़िन्दा थी। किन्तु विदेशी शासक के अत्याचार का वास्तविक वीभत्स रूप उन्होँने कालेपीनी पहुँच कर देखा और समझा। उन्होंने अंग्रेज़ी ज़ुल्म, नस्लीय भेदभाव, और सत्ता की क्रूरता को बेहद क़रीब से देखा। यहीं उनके भीतर प्रतिरोध की आग और तेज़ हो गई। वह



गहन विचार करने लगे। किन्तु वह अकेले थे, निहत्थे, और कालेपीनी जैसी दुर्गम और कड़ी सुरक्षा वाली जेल मेँ बन्द थे। वहाँ से बाहर तत्संबंधी संपर्क भी संभव नहीँ था। पर उनकी समझ मेँ आ गया था कि यदि इस अत्याचारी सत्ता का शीर्ष प्रतिनिधि समाप्त कर दिया जाये, तो यह ख़बर छिप नहीँ सकेगी, और क्रान्ति की जो चिन्गारी लोगोँके दिलोँ मेँ सुलग रही है, वह पुनः ज्वाला बन जायेगी। उन्हेँ इसका मौका भी मिल गया। उन दिनोँ लॉर्ड मेयो भारत मेँ वायसराय था, और बहुत क्रूर और अत्याचारी था। वह अंडमान की जेल का निरीक्षण करने आया था। 8 फ़रवरी, सन् 1872 को वह लौट रहा था, सुरक्षा तो बहुत कड़ी थी, किन्तु शाम का अँधेरा भी था। उसी अंधेरे में शेर अली अफरीदी चीते की तरह झपटे, और अपनी छुरी से वायसराय पर हमला कर दिया। लॉर्ड मेयो मारा गया। यह एकमात्र घटना है जहाँ वायसराय मारा गया। इतनी कड़ी सुरक्षा वाली जेल मेँ भी उन्होँने यह असंभव कार्य कर दिखाया। देशमेँ ख़बर फैली और श्री अफ़रीदी की आशानुसार लोगोँ के दिलोँ मेँ क्रान्ति की आग पुनः तेज़ हो गई। जब उनसे पूछा गया कि उन्होँने वायसराय को क्योँ मारा, तो उन्होँने निडरता से कहा, "मैंने इसे खुदा के हुक्म से किया, ज़ालिम हुकूमत के ख़िलाफ़।" मृत्युदंड तो उन्हेँ मिलना ही था। 11 मार्च, 1872 को वह मुस्कुराते हुए फाँसी के फंदे मेँ झूल गये। कहा जाता है कि फाँसी के वख़्त उन्होंने फाँसी के फंदे को मुस्कुराकर चूम लिया। इन महानायक का नाम किसी स्कूली किताब मेँ नहीँ है, कोई जन्मदिवस या पुण्यतिथि नहीँ मनती। किन्तु यह बहुत आवश्यक है कि हम अपने गुमनाम नायकोँ को जानेँ, उनके विचारोँ को समझेँ, उनसे प्रेरणा लेँ। कठिनतम परिस्थितियोँ मेँ भी, वदि ईमानदार जज़्बा हो, तो कुछ भी असंभव नहीँ है, यह जानेँ। हम अपनी विरासत को जानेँ।

## मीरा एंड्रीवा ने जीता एडिलेड इंटरनेशनल फाइनल

**एडिलेड, एजेंसी।** मीरा एंड्रीवा ने एडिलेड इंटरनेशनल खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल में एंड्रीवा ने विक्टोरिया म्बोको को 6–3, 6–1 से हराया। ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले एंड्रीवा के लिए यह जीत बेहद अहम है। म्बोको ने शुरुआती सेट में 3–0 की बढ़त बनाई। एंड्रीवा ने धीरे–धीरे मैच पर नियंत्रण पाकर लगातार नौ गेम जीते और आखिरी 13 में से 12 गेम जीतकर मुकाबला सिर्फ 64 मिनट में समाप्त कर दिया। इस जीत के साथ एंड्रीवा ने अपने करियर का चौथा डब्ल्यूटीए टूर टाइटल और डब्ल्यूटीए 500 लेवल का पहला खिताब भी अपने नाम किया। जबकि उन्होंने टूर्नामेंट में गत चैंपियन मैडिसन कीज को क्वार्टर फाइनल में हराया और सेमीफाइनल में किम्बर्ली बिरेल को मात दी थी। पूरे सप्ताह एंड्रीवा का खेल आत्मविश्वास से भरा दिखा था। एडिलेड में चार मैचों में उन्होंने 63 गेम्स में 21 सर्विस ब्रेक किए। उनकी सर्विंग भी असरदार रही। उन्होंने 125 में से 89 फर्स्ट–सर्व पॉइंट जीते, जो 71 प्रतिशत से अधिक है। फाइनल में म्बोको के खिलाफ एंड्रीवा ने पांच बार ब्रेक किया और फर्स्ट सर्व पॉइंट का 75 प्रतिशत तथा सेकेंड सर्व पॉइंट का 67 प्रतिशत जीतकर दबदबा बनाए रखा। उन्होंने केवल 11 अनफोर्स्ड गलतियों के साथ 15 विनर लगाए, जिससे दोनों विंग्स से उनका संयम और बैलेंस दिखा। एडिलेड ट्रॉफी एंड्रीवा के रिकॉर्ड में जुड़ गई, जिसमें एक डब्ल्यूटीए 250 और दो डब्ल्यूटीए 1000 सिंगल्स क्राउन शामिल हैं। उनके नाम डब्ल्यूटीए 1000 और डब्ल्यूटीए 500 डबल्स टाइटल भी हैं, और 2024 पेरिस ओलंपिक्स में डबल्स में सिल्वर मेडल भी है, जो उन्होंने पार्टनर डायना शनाइडर के साथ हासिल किया।
जीत के बाद, एंड्रीवा पीआईएफ डब्ल्यूटीए रैंकिंग में नंबर 7 पर पहुंच जाएंगी। वहीं हार के बावजूद म्बोको कई पॉजिटिव बातें लेकर जा रही हैं, यह उनके डब्ल्यूटीए फाइनल में पहली हार थी, और वह ऑस्ट्रेलियन ओपन डेब्यू से पहले करियर की बेस्ट रैंकिंग नंबर 16 पर पहुंचेंगी।

**इंडिया ओपन**

## ब्लिचफेल्ट का फिर फूटा गुस्सा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिया ब्लिचफेल्ट ने भारत ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों को मिल रही सुविधाओं और हालात को लेकर एक बार फिर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी भड़ास निकाली।
डेनमार्क की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी और विश्व नंबर 20 मिया ब्लिचफेल्ट ने भारत ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों को मिल रही सुविधाओं और हालात को लेकर एक बार फिर कड़ी नाराजगी जताई है।



चिन्नास्वामी स्टेडियम में एआई तय करेगा फैंस की सुरक्षा, सारा खर्चा उठाने को तैयार आरसीबी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बेंगलुरु स्थित एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल 2026 के मैच खेले जाएंगे या नहीं, इस पर अनिश्चितता बरकरार है. आईपीएल 2025 का खिताब ने जीता था, जिसके बाद टीम की विक्ट्री परेड होनी थी. मगर मैदान के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी. उसके बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम में कोई बड़े लेवल का मैच नहीं खेला गया है. इसी बीच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एआई –सक्षम कैमरे लगाने का प्रस्ताव रखा है. कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन को लिखे पत्र में आरसीबी फ्रैंचाइजी ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में 300–350 सक्षम कैमरे लगाने का सुझाव दिया. इससे लोगों की आवाजाही पर नजर रखने, कतारों और एग्जिट एरिया पर भी नजर रखी जा सकेगी. फ्रैंचाइजी ने कहा कि इससे खासतौर पर आईपीएल और अन्य बड़े इवेंट्स का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित हो सकेगा. आरसीबी का यह सुझाव ऐसे समय में आया है, जब कुछ रिपोर्ट्स अनुसार आईपीएल 2026 में आरसीबी के होम मुकाबले पुणे में खेले जाने की खबर है. महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन बता चुका है कि दिसंबर महीने के अंतिम सप्ताह में बेंगलुरु और राजस्थान टीम एमसीए स्टेडियम का दौरा करने आई थीं. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु फ्रैंचाइजी का कहना है कि मैदान में एआई कैमरा लगाने का खर्चा वो खुद उठाएगी. बताया जा रहा है कि इसका कुल खर्च लगभग 4.5 करोड़ रुपये आ सकता है. अभी तक तय नहीं हो सका है कि आरसीबी आईपीएल 2026 में अपने होम मैच कहां खेलेगी. चिन्नास्वामी स्टेडियम पर मुहर ना लगने की स्थिति को देखते हुए बेंगलुरु फ्रैंचाइजी को मजबूरन अन्य शहरों में अपने होम मैच करवाने पड़ सकते हैं.

# 12 छक्के 14 चौके...

### स्मिथ का सबसे तेज शतक, 16 गेंद पहले चेज हुए 190 रन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिग बैश लीग में स्टीव स्मिथ ने इतिहास रच दिया है. उन्होंने शुक्रवार को बीबीएल इतिहास में दूसरा सबसे तेज शतक जड़ दिया है. सिडनी थंडर के खिलाफ मैच में उन्होंने 41 गेंद में शतक पूरा किया, जो बिग बैश लीग में दूसरा संयुक्त सबसे तेज शतक है. उनकी शतकीय पारी की बदौलत सिडनी सिक्सर्स ने सिडनी थंडर को 5 विकेट से हरा दिया. शुक्रवार को सिडनी थंडर ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 189 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था. थंडर टीम के लिए कप्तान डेविड वॉर्नर ने 65 गेंद में 110 रनों की तूफानी पारी खेली. जब दूसरी पारी आई तो स्टीव स्मिथ ने गेंदबाजों को ऐसा पीटा कि दुनिया देखती रह गई.

**स्टीव स्मिथ का सबसे तेज शतक**

सिडनी सिक्सर्स के सामने 190 रनों का विशाल लक्ष्य था. टीम के लिए स्टीव स्मिथ ने बाबर आजम के साथ पारी की शुरुआत की. स्मिथ ने तेजतर्रार अंदाज में बैटिंग करते हुए 23 गेंदों में फिफ्टी पूरी कर ली थी. अगले 50 रन उन्होंने 18 गेंदों में बना डाले, जिससे उनका शतक 41 गेंदों में पूरा हुआ. ये टी20 क्रिकेट में स्टीव स्मिथ का सबसे तेज शतक है. वहीं ये बीबीएल इतिहास में संयुक्त रूप से दूसरी सबसे तेज सेंचुरी है.

**इंडिया ओपन**

## लक्ष्य सेन का सफर क्वार्टर फाइनल में समाप्त, चीनी ताइपे के खिलाड़ी से मिली हार; भारतीय चुनौती खत्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई है। पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन को हार मिली और उनका सफर क्वार्टर फाइनल में ही समाप्त हो गया। भारत के लक्ष्य सेन को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के लिन चुन यी के खिलाफ तीन गेम तक चले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। पुरुष एकल वर्ग के मुकाबले में लक्ष्य को विश्व के 12वें नंबर के खिलाड़ी चुन यी से 21–17, 13–21, 18– 21 से हार मिली। रोमांचक रहा मैचलक्ष्य और चीनी ताइपे के खिलाड़ी के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। लक्ष्य ने पहला गेम जीतकर लक्ष्य पर दबाव बढ़ाया, लेकिन चीनी ताइपे के खिलाड़ ने वापसी करते हुए दूसरा गेम अपने नाम किया। तीसरे और निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर रही है और लंबी रैलियां देखने मिली। लेकिन अंतत : चीनी ताइपे का खिलाड़ी ये गेम अपने नाम करने के साथ ही मैच जीतने में सफल रहा।



# सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीत नहीं, हार की निशानी हैं

**ओलंपिक में 23 गोल्ड ऐसे ही नहीं जीत गए माइकल फेल्प्स**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इतिहास के सबसे सफल ओलंपियन और गोल्डन शार्क के नाम से मशहूर माइकल फेल्प्स ने अपनी जीत की भूख और मानसिकता को लेकर एक बड़ा और हैरान करने वाला बयान दिया है। 23 ओलंपिक गोल्ड मेडल जीतने वाले फेल्प्स ने साफ कर दिया है कि उनकी नजर में सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल की कोई अहमियत नहीं है, क्योंकि ये मेडल उन्हें उनकी हार की याद दिलाते हैं। एक पॉडकास्ट पर अपनी बेबाक राय रखते हुए फेल्प्स ने कहा कि उन्होंने अपने करियर में कभी भी दूसरे या तीसरे स्थान को स्वीकार नहीं किया।

### ओलंपिक इतिहास के सबसे महान एथलीट

बाल्टीमोर, मैरीलैंड के रहने वाले फेल्प्स का करियर किसी परियों की कहानी से कम नहीं है। सिडनी 2000 से रियो 2016 तक, पांच ओलंपिक खेलों में उन्होंने कुल 28 मेडल ( 23 गोल्ड, 3 सिल्वर, 2 ब्रॉन्ज ) जीते। फेल्प्स के करियर का शिखर 2008 बीजिंग ओलंपिक था, जहां उन्होंने एक ही टूर्नामेंट में 8 गोल्ड मेडल जीतकर मार्क स्पिट्ज का 1972 का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। उन्होंने एथेंस 2004 में 6 गोल्ड, लंदन 2012 में 4 गोल्ड और रियो 2016 में 5 गोल्ड मेडल जीतकर अपनी बादशाहत साबित की। फेल्प्स केवल एक स्टाइल तक सीमित नहीं थे।

## वेबस्टर की जगह इंग्लिस को मौका देना हैरान करने वाला: रिकी पोंटिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने एशेज सीरीज के दौरान टीम चयन को लेकर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं पर सवाल खड़े किए हैं। पोंटिंग ने कहा कि वह अब तक नहीं समझ पाए हैं कि शानदार फॉर्म में चल रहे ब्यू वेबस्टर की जगह जोश इंग्लिस को प्राथमिकता क्यों दी गई। पोंटिंग ने कहा कि वेबस्टर ने अपने छोटे से टेस्ट करियर में खुद को साबित किया है। पिछले साल बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के फाइनल में डेब्यू करते हुए उन्होंने मैच जिताने वाला प्रदर्शन किया था, इसके बावजूद नवंबर में पर्थ में खेले गए पहले एशेज टेस्ट में उन्हें अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली। कैमरन ग्रीन को उनकी जगह खिलाया गया।

**व्यापार**

# ई-स्कूटर खरीदना हुआ सस्ता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार में अब एक साफ और मजबूत ट्रेंड बनता दिख रहा है। जो ई-स्कूटर कुछ साल पहले तक महंगे और सीमित ग्राहकों के लिए माने जाते थे, वे अब पेट्रोल स्कूटर की कीमत के आसपास आ गए हैं। 85 से 95 हजार रुपये की रेंज में बजाज, टीवीएस और हीरो मोटोकॉर्प जैसी बड़ी कंपनियों के किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर मार्केट में आ गए हैं। यह इस बात का संकेत है कि ईवी अब मेन स्ट्रीम की ओर तेजी से बढ़ सकती है। हाल ही में बजाज ऑटो ने चेतक सीरीज का सबसे सस्ता मॉडल चेतक सी25 01 करीब 91 हजार रुपये में लॉन्च किया है। टीवीएस और हीरो मोटोकॉर्प पहले से ही इसी रेंज में अपने किफायती ई-स्कूटर पेश कर चुके हैं। इसका सीधा मुकाबला अब पेट्रोल स्कूटर से हो रहा है, न कि सिर्फ दूसरे ई-स्कूटर से। ऑटो इंडस्ट्री से जुड़े जानकार मानते हैं कि यह कीमत का स्तर ईवी को तेजी से अपनाने में बड़ा रोल निभा सकता है। जब ग्राहक के सामने 90 हजार रुपये में पेट्रोल और इलेक्ट्रिक, दोनों का विकल्प हो, तो वह खर्च, मेंटेनेंस और भविष्य को देखकर फैसला करेगा। इस स्थिति में ई-स्कूटर ज्यादा मजबूत दावेदार बन जाता है, क्योंकि इसमें फ्यूल का खर्च न के बराबर होता है।

# 96 प्रतिशत घट गया टाटा टेक्नोलॉजीज का मुनाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी- टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने शुक्रवार को दिसंबर 2025 तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 96 प्रतिशत घटकर 6.64 करोड़ रुपये रहा। इसकी मुख्य वजह लेबर कोड का असर है। टाटा टेक्नोलॉजीज ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में 168.64 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही में परिचालन राजस्व 1365.73 करोड़ रुपये रहा जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 1,317.38 करोड़ रुपये था। तीसरी तिमाही में कुल खर्च बढ़कर 1,217.99 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,119.31 करोड़ रुपये था। टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने कहा कि उसने लेबर कोड के सांविधिक असर को विशिष्ट सामग्री के तहत रखा है। इसमें 114 करोड़ रुपये की ग्रेच्युटी का प्रावधान शामिल है। यह मुख्य रूप से सरकार द्वारा 21 नवंबर, 2025 को अधिसूचित किए गए चार नए लेबर कोड के तहत वेतन परिभाषा में बदलाव के कारण हुआ है। टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के सीईओ और प्रबंध निदेशक वॉरेन हैरिस ने कहा कि तीसरी तिमाही ने हमारे व्यवसाय की मजबूती को दिखाया, जिससे मौसमी नरमी और कुछ समय की मुश्किलों के बावजूद वृद्धि हुई। इसके अलावा, कंपनी ने बताया कि दिसंबर 2025 तिमाही के दौरान उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टाटा टेक्नोलॉजीज पीटीई लिमिटेड (सिंगापुर) ने जर्मनी की ईएस-टी ग्रुप का 100 प्रतिशत अधिग्रहण पूरा किया है।

### एक साल में 100 प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न, 5वें ने तो कमाल कर दिया

# पैसा छापने की मशीन हैं 5 शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट में उतार-चढ़ाव जारी है। किसी दिन बाजार तेजी से ऊपर जाता है तो किसी दिन धड़ाम हो जाता है। इस साल 1 जनवरी से लेकर अब तक सेंसेक्स में करीब 2 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। वहीं पिछले एक साल में इसमें करीब 9 फीसदी की ही तेजी आई है। एक साल में शेयर मार्केट में बेशक तेजी न रही हो, लेकिन कुछ शेयर ऐसे हैं जिन्होंने निवेशकों की जेब भर दी है। एक साल में इन मल्टीबैगर स्टॉक्स ने 100 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। यानी निवेशकों की रकम को दोगुने से ज्यादा कर दिया है। ऐसे में ये शेयर पैसा छापने की मशीन साबित हुए हैं।

**एलएंडटी फाइनेंस**

एलएंडटी फाइनेंस देश की लीडिंग नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों में से एक है। यह मशहूर रुञ्ज ग्रुप का हिस्सा है। एनएसई पर लिस्ट इस कंपनी के शेयर ने एक भी एक साल में 100 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। शुक्रवार को यह शेयर मामूली तेजी के साथ 296.25 रुपये पर बंद हुआ था। एक साल पहले इसकी कीमत करीब 144 रुपये थी। ऐसे में एक साल में इस शेयर का रिटर्न करीब 107 फीसदी रहा।

**सिल्वर टच टेक्नोलॉजीज लिमिटेड-** इस कंपनी के शेयर ने भी निवेशकों को एक साल में मालामाल कर दिया है। एक साल में इसका रिटर्न 140 फीसदी से ज्यादा रहा है। पिछले एक महीने में इसमें जबरदस्त तेजी आई है। एक साल पहले इसकी कीमत करीब 655 रुपये थी। शुक्रवार को यह शेयर 5 फीसदी के अपर सर्किट के साथ 1598.45 रुपये पर बंद हुआ। ऐसे में एक साल में इसका रिटर्न करीब 144 फीसदी रहा। यह कंपनी आईटी सॉल्यूशंस और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज प्रोवाइड कराती है।




**लुमैक्स ऑटो टेक्नोलॉजीज लिमिटेड**

यह शेयर भी एक साल में 100 फीसदी से ज्यादा रिटर्न देने वालों में शामिल है। शुक्रवार को यह शेयर 0.68 प्रतिशत की तेजी के साथ 1541.70 रुपये पर बंद हुआ था। एक साल पहले इसकी कीमत करीब 565 रुपये थी। ऐसे में एक साल में इसका रिटर्न 170 फीसदी से ज्यादा रहा है। यह कंपनी टू, थ्री और फोर व्हीलर्स के लिए ऑटोमोटिव लैंप, प्लास्टिक मोल्डेड पार्ट्स और फ्रेम चेसिस बनाने और सप्लाई करने का काम करती है।

### सियान एग्रो इंडस्ट्रीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर

यह कंपनी एग्रो, हेल्थकेयर और इंफ्रास्ट्रक्चर के बिजनेस में डील करती है। इसका एक साल का रिटर्न करीब 200 फीसदी रहा है। शुक्रवार को इसमें 5 फीसदी का अपर सर्किट लगा। इस तेजी के साथ यह शेयर 1400.35 रुपये पर बंद हुआ था। एक साल पहले इसकी कीमत करीब 470 रुपये थी। ऐसे में इसने एक साल में करीब 200 फीसदी रिटर्न दिया है। इस एक साल के दौरान यह शेयर 3633 रुपये पर पहुंच गया था जो इसका 52 हफ्ते का हाई है। बाद में इसमें गिरावट आई। पिछले कुछ दिनों से इसने फिर से रफ्तार पकड़ ली है।

**क्यूपिड लिमिटेड**

यह शेयर निवेशकों के लिए कुबेर का खजाना साबित हुआ है। इसने एक साल में 500 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। यह कंपनी महिला और पुरुषों के लिए कंडोम, वाटर बेस्ड लुब्रिकेंट्स, आईवीडी किट्स आदि बनाती है। शुक्रवार को यह शेयर 1.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 457.15 रुपये पर बंद हुआ था। लेकिन लॉन्ग टर्म में इसका रिटर्न शानदार रहा है।

## 85 से टूटकर 2 के स्तर पर था रिलायंस होम फाइनेंस का शेयर, अब लगा अपर सर्किट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी की कई कंपनियां हैं जिनके शेयर ने निवेशकों को बड़ा नुकसान कराया है। ऐसा ही एक शेयर– रिलायंस होम फाइनेंस का है। बीते शुक्रवार को इस कंपनी के शेयर की कीमत में 5 पर्सेंट का अपर सर्किट लगा और यह 2.75 रुपये की पिछली क्लोजिंग के मुकाबले 2.88 रुपये पर जा पहुंचा। जून 2025 में शेयर 7.84 रुपये तक गया था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई भी है। हालांकि, शेयर के ऑल टाइम हाई की बात करें तो 85 रुपये से भी ज्यादा का रहा है। बीते कुछ महीनों से रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड मीडिया की सुर्खियों में है। दरअसल, हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी को रिलायंस होम फाइनेंस के बैंक खाते को धोखाधड़ी वाला घोषित करने के लिए जारी किए गए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कारण बताओ नोटिस में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है।

### सीबीआई ने कंपनी के खिलाफ दर्ज किया था मामला

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (पूर्व में आंध्र बैंक) के साथ कथित धोखाधड़ी के मामले में जय अनमोल अंबानी और रिलायंस होम फाइनेंस के खिलाफ मामला दर्ज किया है। धोखाधड़ी के कारण सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक को लगभग 228 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)